{ विश्वास वही रफ्तार नई }

बालाघाट
शनिवार 18 अप्रैल 2026
वैशाख कृष्ण 30 विक्रम सम्वत 2083
वर्ष 16, अंक 203
पृष्ठ 12
मूल्य ₹ 7.00

पद्मेश मीडिया समूह का प्रकाशन

# बालाघाट एक्सप्रेस

PMG

हिन्दी दैनिक

संसेक्स - 78,493.54
निफ्टी - 24,353.55
सोना - 1,54,200
चांदी - 2,65,000
डॉलर - 92.39

/padmeshmedia /padmeshmedia epaper.balaghatexpress.in E-mail: balaghatexpress@gmail.com

## खास खबर

### गूगल ने किए 17 लाख अकाउंट सस्पेंड

नई दिल्ली। टेक कंपनी गूगल ने 2025 में भारत में 48.37 करोड़ नियमों का उल्लंघन करने वाले विज्ञापनों को हटाया या ब्लॉक किया है। इसी दौरान कंपनी ने अपने एआई प्लेटफॉर्म जेमिनी की मदद से 17 लाख एडवरटाइजर अकाउंट्स भी सस्पेंड किए हैं। गूगल की 2025 एड्स सेफ्टी रिपोर्ट में यह जानकारी सामने आई है। गूगल की रिपोर्ट के मुताबिक, ग्लोबल लेवल पर कार्रवाई और भी बड़े पैमाने पर हुई है। पिछले साल दुनिया भर में 8.3 बिलियन यानी 830 करोड़ से ज्यादा खराब विज्ञापनों को हटाया गया। इसके साथ ही 2.49 करोड़ एडवरटाइजर अकाउंट्स को भी सस्पेंड किया गया है। कंपनी का दावा है कि हटाए गए कुल विज्ञापनों में से 99 प्रतिशत को यूजर्स के देखने से पहले ही रोक दिया गया था।

### थानेदार को 20 साल की कैद

दौसा। दौसा जिले की पॉक्सो कोर्ट ने चार वर्षीय मासूम बच्ची से दुष्कर्म के मामले में राजस्थान पुलिस के बर्खास्त सब इंस्पेक्टर भूपेन्द्र सिंह यादव को 20 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। कोर्ट ने आरोपी पर दो लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है, जिसे पीड़िता को दिया जाएगा। साथ ही पीड़िता को तीन लाख रुपये प्रतिकर राशि देने की सिफारिश की गई है। जानकारी के मुताबिक, वर्ष 2023 का यह मामला राहुवास थाना क्षेत्र से जुड़ा है। उस समय सब इंस्पेक्टर भूपेन्द्र सिंह यादव चुनाव ड्यूटी पर तैनात थे। उन्होंने चार वर्षीय बच्ची को टॉफी देने का लालच देकर अपने कमरे में बुलाया और फिर उससे दुष्कर्म किया।

### अशोक खरात केस के अहम गवाह की रोड एक्सीडेंट में मौत, विपक्ष ने उठाए सवाल

नासिक। कई महिलाओं के यौन शोषण के आरोपी नासिक के ढोंगी ज्योतिषी अशोक खरात मामले के एक अहम गवाह की सड़क हादसे में मौत हो गई है। समृद्धि महामार्ग पर हुए भीषण हादसे में इस मामले के महत्वपूर्ण गवाह डॉ। जितेंद्र शेलके की जान चली गई। इस दुर्घटना में उनकी पत्नी अनुराधा शेलके की भी मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनका बेटा गंभीर रूप से घायल है और अस्पताल में उसका इलाज जारी है। जानकारी के अनुसार, डॉ। शेलके शनिवार दोपहर अपने परिवार के साथ छत्रपति संभाजीनगर से शिर्डी की ओर जा रहे थे। इसी दौरान धोत्रे गांव के पास उनकी कार सड़क किनारे खड़े एक कंटेनर से पीछे से जा टकराई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार सीधे कंटेनर के नीचे घुस गई और पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे के बाद काफी समय तक कार कंटेनर के नीचे फंसी रही।

## कुछ ना कहना




एनडीए के 12 साल के शासनकाल में पहली बार संसद में दिखी विपक्ष की एकता...

# महिला आरक्षण बिल : विपक्ष की जीत

## महिला आरक्षण बिल के पक्ष और परिसीमन के विरोध में एकजुट विपक्षी, दो-तिहाई बहुमत हासिल नहीं कर पाई सरकार -मोदी सरकार पहली बार बिल पास कराने में नाकाम, बिल 54 वोट से गिरा...पक्ष में 298, विपक्ष में 230 वोट पड़े

नई दिल्ली। महिला आरक्षण बिल से जुड़ा 131वां संविधान संशोधन बिल संसद में गिर गया। लोकसभा में महिला आरक्षण और परिसीमन संशोधन विधेयक पर व्यापक चर्चा के बाद अब इस महत्वपूर्ण बिल पर शुक्रवार शाम को वोटिंग हुई। कुल 528 सदस्यों ने मतदान किया, जिसमें 298 सांसदों ने इस विधेयक के समर्थन में मतदान किया, जबकि 230 सांसदों ने इसके विरोध में वोट डाला। इस तरह बहुमत के आंकड़े 352 से बिल 54 वोट से गिर गया। जिसके बाद लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने लोकसभा को शनिवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया है। 11 साल के शासन में यह पहला मौका जब मोदी सरकार सदन में कोई बिल पास नहीं करा पाई। इससे पहले अमित शाह ने एक घंटा स्पीच दी थी। कहा था कि अगर ये बिल पास नहीं होते हैं तो इसकी जिम्मेदारी विपक्ष की होगी। विपक्ष अगर वोट नहीं देगा तो बिल गिर जाएगा। देश की महिलाएं देख रही हैं कि उनकी राह का रोड़ा कौन है। इन संशोधित बिलों पर लोकसभा में 21 घंटे चर्चा हुई। कुल 130 सांसदों ने अपने विचार रखें, इनमें 56 महिला सांसद थीं।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि यह विधेयक दो-तिहाई सदस्यों द्वारा पारित नहीं हो सका। अब इस संविधान संशोधन विधेयक पर आगे की कार्यवाही करना संभव नहीं है। दो अन्य विधेयकों के संबंध में आगे की कार्यवाही पर सत्ता पक्ष द्वारा निर्णय लिया जाना है। इस पर संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि यह महिलाओं को सम्मान और अधिकार देने से जुड़ा ऐतिहासिक और महत्वपूर्ण विधेयक था। इसी पर यह नतीजा आया है। विपक्ष ने इसमें साथ नहीं दिया। बहुत खेद की बात है। आपने एक ऐतिहासिक मौका गंवा दिया। महिलाओं को सम्मान और अधिकार देने का हमारा अभियान जारी रहेगा और हम उन्हें अधिकार दिलाकर ही रहेंगे।




### आज से इंडिया ब्लॉक के नेताओं का घेराव

महिला आरक्षण से जुड़े तीन बिल मतदान के दौरान गिर गए। इस बिल के लोकसभा में गिर जाने के बाद अब भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की महिला सांसदों ने विपक्ष के खिलाफ प्रोटेस्ट किया। संसद के मकर द्वार से यह प्रोटेस्ट शुरू हुआ। अब बीजेपी और एनडीए में शामिल दलों के कार्यकर्ता कल यानी 18 अप्रैल से इंडिया ब्लॉक से जुड़ी पार्टियों के नेताओं के घर के बाहर प्रोटेस्ट करेंगे।

### विपक्ष ने कहा- हमने हरा दिया

महिला आरक्षण से जुड़े तीन बिल मतदान के दौरान गिरने के बाद विपक्ष ने कहा कि हमने सरकार को हरा दिया। राहुल गांधी ने कहा कि हमने संविधान पर हुए हमले को हरा दिया है। हमने साफ तौर पर कहा है कि यह महिला आरक्षण बिल नहीं है, बल्कि यह भारत की राजनीतिक संरचना को बदलने का एक तरीका है। प्रियंका गांधी ने कहा कि यह हमारे लोकतंत्र और हमारे देश की एकता के लिए एक बड़ी जीत है। जैसा कि मैंने अंदर कहा, यह संविधान पर हमला था, और हमने इसे विफल कर दिया है, जो कि एक अच्छी बात है। शशि थरूर ने कहा कि हमने हमेशा कहा है कि हम महिला आरक्षण का पूर्ण समर्थन करते हैं और आज भी इसके पक्ष में मतदान करने को तैयार हैं। हालांकि, इसे परिसीमन से नहीं जोड़ा जाना चाहिए। एमके स्टालिन ने कहा कि 23 अप्रैल को हम दिल्ली का अहंकार और उस अहंकार का समर्थन करने वाले गुलामों को हराएंगे।

### परिसीमन से महिला सशक्तिकरण नहीं- राहुल गांधी

राहुल गांधी ने कहा कि परिसीमन से महिला सशक्तिकरण नहीं हो सकता है। राहुल गांधी ने इस दौरान कहा कि पुराना बिल लाइए, हम उसे पास कराएंगे। चर्चा के दौरान राहुल गांधी ने कहा कि सरकार देश के ओबीसी भाई-बहनों को ताकत नहीं देना चाहती है, ये एससी-एसटी के अधिकार छीनने की कोशिश है। राहुल गांधी ने कहा कि यह विधेयक देश के चुनावी मानचित्र को बदलने का एक प्रयास है; इसके लिए भारत की महिलाओं का इस्तेमाल किया जा रहा है और उनकी आड़ ली जा रही है।



### जब कानून था ही नहीं तो संशोधन कैसा

महिला आरक्षण बिल को 2023 में लोकसभा और राज्यसभा में पास किया गया था। इसके बाद राष्ट्रपति ने भी मंजूरी दे दी लेकिन इसके बावजूद यह कानून संविधान का हिस्सा नहीं बना था। क्योंकि कोई कानून तब तक लागू नहीं माना जाता जब तक सरकार राजपत्र (गजट) में उसको लागू करने की तारीख अधिसूचित न कर दे। अब नोटिफिकेशन जारी होने के बाद कानून तो लागू हो गया है लेकिन इसे मौजूदा लोकसभा में लागू नहीं किया जा सकता। कानून के मौजूदा प्रावधानों के अनुसार, अगली जनगणना और उसके आधार पर परिसीमन (सीटों का पुनर्गठन) होगा। इसके बाद ही आरक्षण लागू किया जाएगा। इस प्रक्रिया के कारण आरक्षण 2034 तक लागू होने की संभावना जताई गई थी।

**2023 का महिला आरक्षण बिल 3 साल बाद लागू, आधी रात के नोटिफिकेशन पर विपक्ष का सवाल-**

## जब कानून था ही नहीं तो संशोधन कैसा

केंद्र सरकार ने महिला आरक्षण कानून यानी नारी शक्ति वंदन अधिनियम, 2023 को 16 अप्रैल 2026 से लागू कर दिया है। संसद में गुरुवार से ही इसके संशोधन पर 3 दिनों के लिए बहस शुरू हुई। इस बीच आधी रात यह कदम उठाया गया। सरकारी अधिकारियों के मुताबिक, किसी कानून में संशोधन तभी हो सकता है जब वह कानून लागू हो। इसी वजह से इसे पहले लागू किया गया। हालांकि, कानून लागू होने के बावजूद संसद और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण तुरंत नहीं मिलेगा। यह आरक्षण अगली जनगणना और उसके बाद होने वाले परिसीमन के बाद ही लागू किया जा सकेगा। इस बीच विपक्ष ने सवाल उठाया है कि जब महिला आरक्षण कानून लागू ही नहीं था तो सरकार इसमें संशोधन का बिल कैसे ले आई। महिला आरक्षण बिल को 2023 में लोकसभा और राज्यसभा में पास किया गया था। इसके बाद राष्ट्रपति ने भी मंजूरी दे दी लेकिन इसके बावजूद यह कानून संविधान का हिस्सा नहीं बना था। क्योंकि कोई कानून तब तक लागू नहीं माना जाता जब तक सरकार राजपत्र (गजट) में उसको लागू करने की तारीख अधिसूचित न कर दे। अब नोटिफिकेशन जारी होने के बाद कानून तो लागू हो गया है लेकिन इसे मौजूदा लोकसभा में लागू नहीं किया जा सकता। कानून के मौजूदा प्रावधानों के अनुसार, अगली जनगणना और उसके आधार पर परिसीमन (सीटों का पुनर्गठन) होगा। इसके बाद ही आरक्षण लागू किया जाएगा। इस प्रक्रिया के कारण आरक्षण 2034 तक लागू होने की संभावना जताई गई थी।

### 2011 जनगणना के आधार पर आरक्षण लागू करना चाहती है सरकार

हालांकि, सरकार 2011 की जनगणना के आधार पर परिसीमन कर महिला आरक्षण को 2029 के चुनाव से लागू करना चाहती है। इसके लिए सरकार ने संसद में तीन नए बिल पेश किए हैं। संविधान (131वां संशोधन) विधेयक, 2026 परिसीमन विधेयक, 2026 और केंद्र शासित प्रदेश कानून संशोधन विधेयक, 2026। इन तीन बिलों को पास कराने के लिए सरकार ने 16 अप्रैल से 18 अप्रैल 2026 तक संसद का विशेष सत्र बुलाया है। सरकार की इसी जल्दबाजी पर विपक्ष सवाल उठा रहा है। विपक्ष का आरोप है कि सरकार नए संशोधन बिल के जरिए परिसीमन करना चाहती है, जिससे दक्षिण के राज्यों को नुकसान होगा।

## पंजाब में ईडी ने कैबिनेट मंत्री संजीव अरोड़ा के घर व अन्य ठिकानों पर मारे छापे

लुधियान। पंजाब सरकार के कैबिनेट मंत्री संजीव अरोड़ा ईडी के रडार पर आ गए हैं। शुक्रवार सुबह ईडी की टीमों ने मंत्री संजीव अरोड़ा के लुधियाना स्थित आवास और उनसे जुड़े अन्य ठिकानों पर एक साथ छापे मारे। अचानक हुई इस कार्रवाई से राजनीतिक गलियारों में हड़कंप मच गया है। जानकारी के मुताबिक सुबह तड़के ईडी के अधिकारी लुधियाना पहुंचे और संजीव अरोड़ा की कोठी को चारों ओर से घेर लिया। सुरक्षा के मद्देनजर आवास के बाहर भारी संख्या में केंद्रीय पुलिस बल (सीआरपीएफ) के जवानों को तैनात किया गया है, ताकि जांच में किसी भी तरह का बाहरी हस्तक्षेप न हो सके।

मीडिया रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि यह छापेमारी मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े एक पुराने मामले और जमीन के सौदों में हुई कथित अनियमितताओं के सिलसिले में की जा रही है। बताया जा रहा है कि ईडी की टीमें घर के अंदर दस्तावेजों की बारीकी से जांच कर



रही हैं हालांकि, अभी तक विभाग की ओर से इस छापेमारी को लेकर कोई आधिकारिक पुष्टि या विवरण साझा नहीं किया है, लेकिन चर्चा है कि आने वाले घंटों में कई बड़े खुलासे हो सकते हैं। इस कार्रवाई के बाद से ही शहर के सियासी माहौल में भारी गहमागहमी देखी जा रही है। बता दें अभी हाल ही में आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद अशोक मित्तल से जुड़े करीब 10 ठिकानों पर छापेमारी की थी, जिसमें जालंधर, कपूरथला और गुरुग्राम समेत कई ऐसे ठिकाने थे, जहां पर ईडी ने दबिश दी थी।

## हरिवंश तीसरी बार बने उपसभापति

नई दिल्ली। हरिवंश नारायण सिंह तीसरी बार राज्यसभा के उपसभापति बने हैं। उन्हें शुक्रवार को निर्विरोध चुना गया हैं। विपक्ष की ओर से कोई नाम नहीं आया था। पहली बार किसी मनोनीत सदस्य को राज्यसभा का उपसभापति चुना गया है। हरिवंश के समर्थन में राज्यसभा सचिवालय को पांच प्रस्ताव मिले। सदन के नेता जेपी नड्डा ने पहला प्रस्ताव रखा, जबकि दूसरा प्रस्ताव नितिन नवीन ने दिया। पीएम मोदी ने कहा कि लगातार तीसरी बार उपसभापति चुना जाना इस बात का प्रमाण है कि सदन को आप पर गहरा भरोसा है। बीते समय में आपके अनुभव का सदन को लाभ मिला है। आपने सभी को साथ लेकर चलने की कोशिश की है। हरिवंश का पिछला कार्यकाल 9 अप्रैल को खत्म हुआ था। उनकी पार्टी जदयू ने इस बार नाम नहीं दिया था। इसके बाद राष्ट्रपति ने उनका मनोनयन किया। पूर्व सीजेआई रंजन गोगोई के रिटायर होने के बाद सीट खाली हुई थी। इसे भरने के लिए जदयू के हरिवंश को चुना गया। वे 2032 तक राज्यसभा में रहेंगे।

## दोहरी नागरिकता मामले में राहुल गांधी के खिलाफ होगी एफआईआर

लखनऊ । इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने कांग्रेस नेता एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ एफआईआर करने का आदेश आदेश दिया है। इसके बाद अब राहुल गांधी की मुश्किल बढ़ गई है। दोहरी नागरिकता के मामले में शुक्रवार को लखनऊ बेंच में सुनवाई हुई। यह मामला निचली अदालत के उस फैसले के खिलाफ है, जिसमें राहुल गांधी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग को खारिज कर दिया था।



यूपी सरकार की तरफ से वकील ने कहा कि इस पूरे प्रकरण की जांच सीबीआई करे। इस पर जज ने मंजूरी दी। कहा कि एफआईआर करके मामले को सीबीआई को ट्रांसफर किया जाए। अब एफआईआर दर्ज होने के बाद प्रकरण की जांच सीबीआई करेगी। गौरतलब है कि कर्नाटक के भाजपा कार्यकर्ता एस विग्नेश शिशिर ने यह याचिका दाखिल की थी। याची ने लखनऊ की विशेष एमपी-एमएलए अदालत के 28 जनवरी 2026 के उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें अदालत ने राहुल गांधी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का निर्देश देने की उसकी अर्जी खारिज कर दी थी। याची ने राहुल गांधी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने और मामले की विस्तृत जांच कराने की मांग की थी। याची ने गांधी के खिलाफ भारतीय नागरिक संहिता, पासपोर्ट अधिनियम, आफिसियल सीक्रेट एक्ट के तहत विभिन्न धाराओं में गंभीर आरोप लगाये हैं। राहुल गांधी की कथित दोहरी नागरिकता मामले में दायर याचिका में उनके खिलाफ गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज करने की मांग की गई थी। याचिकाकर्ता एस. विग्नेश शिशिर ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी पर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) 2023 की विभिन्न धाराओं, ऑफिशियल सीक्रेट्स एक्ट 1923, पासपोर्ट एक्ट 1967 और फॉरिनर्स एक्ट 1946 के उल्लंघन के मामले बनते हैं। याचिका में कहा गया कि यह सिर्फ नागरिकता का नहीं, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा गंभीर मुद्दा है।

मप्र-उप्र और राजस्थान सरकार को सुप्रीम कोर्ट की फटकार, कहा

## चंबल नदी में अवैध रेत खनन नहीं रुका तो तैनात करेंगे पैरामिलिट्री फोर्स

नई दिल्ली/मुरैना। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को चंबल नदी में अवैध रेत खनन को लेकर सख्त रुख अपनाया। कोर्ट ने मध्य प्रदेश, राजस्थान और उत्तर प्रदेश सरकारों को कड़ी फटकार लगाई। कोर्ट ने कहा- अगर राज्य सरकारें अवैध खनन नहीं रोक पा रही हैं तो अर्धसैनिक बलों की तैनाती की जाएगी।

कोर्ट ने साफ कहा कि चंबल अभयारण्य क्षेत्र में जारी अवैध खनन न केवल कानून का उल्लंघन है, बल्कि यह पर्यावरण और जैव विविधता के लिए गंभीर खतरा बन चुका है। सुप्रीम कोर्ट ने तीनों राज्यों को निर्देश दिए हैं कि अवैध खनन के रास्तों और नदी के संवेदनशील इलाकों में हाई-रिजोल्यूशन सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं। साथ ही, खनन में इस्तेमाल होने वाले सभी वाहनों और मशीनों में जीपीएस डिवाइस अनिवार्य रूप से लगाए जाएं, ताकि उनकी हर गतिविधि पर नजर रखी जा सके।

### 24 घंटे संयुक्त गश्त, तुरंत जब्ती के आदेश

कोर्ट ने पुलिस और वन विभाग को मिलकर 24 घंटे संयुक्त गश्त करने के निर्देश दिए हैं। अवैध खनन में लिप्त पाए जाने वाले वाहनों को तुरंत जब्त कर सख्त कानूनी कार्रवाई करने को कहा गया है। इससे अवैध गतिविधियों पर तुरंत लगाम लगाने की कोशिश की जाएगी। कोर्ट ने राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों को निर्देश दिया है कि वे अवैध खनन से हुए पर्यावरणीय नुकसान का आकलन करें और प्रदूषण फैलाने वाला भुगतान सिद्धांत के तहत दोषियों से मुआवजा वसूलें। इसका उद्देश्य पर्यावरण को हुए नुकसान की भरपाई सुनिश्चित करना है।

### अधिकारियों की तय होगी व्यक्तिगत जिम्मेदारी

सुप्रीम कोर्ट ने सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि यदि किसी भी स्तर पर अधिकारी लापरवाही करते पाए गए, तो उनके खिलाफ अवमानना की कार्रवाई की जाएगी।

## जब तक मैं खड़ी हूं, बांग्ला-विरोधी ज़मींदारों को लोगों पर तकलीफ नहीं पहुंचाने दूंगी

कोलकाता। पिछले हफ्ते पश्चिम बंगाल चुनाव प्रचार के दौरान सीएम ममता बनर्जी ने शुक्रवार को उन्होंने बीजेपी के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। कूच बिहार ज़िले की अलग-अलग सीटों से चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों के लिए प्रचार करते हुए सीएम ममता ने बंगाल की रक्षा करने, लोगों के अधिकारों को सुरक्षित रखने और इसकी धर्मनिरपेक्ष बनावट को बनाए रखने के लिए लड़ने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि जब तक मैं खड़ी हूं, मैं इन बांग्ला-विरोधी ज़मींदारों को इस धरती के लोगों पर कोई भी दुख या तकलीफ नहीं पहुंचाने दूंगी। मैं बंगाल की रक्षा के लिए लड़ूंगी, उन लोगों के अधिकारों को सुरक्षित रखूंगी जिनकी सेवा के लिए मैं चुनी गई हूं, इस खूबसूरत राज्य के भविष्य को सुरक्षित करूंगी, और हमारी धर्मनिरपेक्ष बनावट और समावेशी भावना को हर उस ताकत से बचाऊंगी जो इसे तोड़ने की कोशिश करती रही है।



मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक उनकी पोस्ट में कहा कि मुझे आपकी जरूरत अपने पास है, जैसा कि आप हमेशा से रहे हैं। अपनी लंबी राजनीतिक यात्रा को याद करते हुए, उन्होंने कहा कि वे अपनी विचारधारा पर हमेशा कायम रही हैं और उन्होंने इस यात्रा का हर कदम लोगों के साथ मिलकर तय किया है। यह कभी नहीं बदला। और न ही कभी बदलेगा। मेरे जीवन में मां, माटी, मानुष के बीच रहने से बढ़कर कोई खुशी नहीं है। आप ही मेरी सबसे बड़ी पूंजी हैं।

ममता ने टीएमसी के कई उम्मीदवारों के लिए चुनाव प्रचार किया था, जिनमें माथाभंगा से सबलू बर्मन, शीतलकुची से हरिहर दास, कूचबिहार दक्षिण से अभिजीत दे भौमिक (हिप्पी), अलीपुरद्वार से सुमन कांजीलाल, कालचीनी से बीरेंद्र बारा, कुमारग्राम से राजीव तिर्की, फलाकाटा से सुभाष चंद्र रॉय, मदारीहाट से जयप्रकाश टोप्पो, दिनहाटा से उदयन गुहा और सिताई से संगीता रॉय बसुनिया शामिल थे। पश्चिम बंगाल में मतदान दो चरणों में 23 और 29 अप्रैल को होना है, जबकि विधानसभा चुनावों के नतीजे 4 मई को घोषित किए जाएंगे। राज्य में सत्ताधारी तृणमूल कांग्रेस जो लगातार चौथी बार सत्ता में आने की कोशिश कर रही है और बीजेपी के बीच मुकाबला देखने को मिलेगा। बीजेपी पिछले चुनावों में शानदार प्रदर्शन के बाद इस बार सरकार बनाने का लक्ष्य लेकर चल रही है।

# भीषण गर्मी में आंगनबाड़ी केंद्रों तक पहुंच रहे नन्हे बच्चे

## अभिभावकों की चिंता बढ़ी-प्रशासन से वैकल्पिक व्यवस्था की मांग

सिटी रिपोर्टर।
पद्मेश न्यूज। बालाघाट।

**प्रदेश में लगातार बढ़ते तापमान और तेज धूप के कारण जनजीवन प्रभावित हो रहा है। खासकर छोटे बच्चों के लिए यह मौसम बेहद कठिन साबित हो रहा है। ऐसे में आंगनबाड़ी केंद्रों में आने वाले 3 से 6 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को रोजाना गर्मी और लू के बीच केंद्र तक लाना अभिभावकों और ग्रामीणों के लिए चिंता का विषय बन गया है। जहां एक ओर सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बड़े बच्चों की छुट्टियां या समय-सारिणी में बदलाव कर राहत देने की कोशिश की जा रही है वहीं आंगनबाड़ी केंद्रों के छोटे-छोटे बच्चों को नियमित रूप से केंद्र तक आना अनिवार्य बताया जा रहा है। इस कारण मासूम बच्चों को सुबह 10 बजे से लेकर दोपहर तक तेज धूप में आवाजाही करनी पड़ रही है।जिससे उनके स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका जताई जा रही है।**




### अभिभावकों की मजबूरी और चिंता

स्थानीय अभिभावकों का कहना है कि वे अपने बच्चों को इतनी तेज धूप में घर से बाहर नहीं निकालना चाहते, क्योंकि लू और गर्म हवाओं के कारण बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। कई अभिभावकों ने बताया कि छोटे बच्चे धूप में चलने के कारण थकान, चक्कर और कमजोरी जैसी समस्याओं से जूझते हैं। हालांकि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा शासन के निर्देशों का हवाला देते हुए बच्चों की उपस्थिति सुनिश्चित करने पर जोर दिया जा रहा है। जिसके चलते अभिभावकों को मजबूरी में अपने बच्चों को केंद्र भेजना पड़ रहा है।

### स्वास्थ्य पर बढ़ता खतरा

विशेषज्ञों के अनुसार 3 से 6 वर्ष की उम्र के बच्चे अत्यंत संवेदनशील होते हैं। इस उम्र में अधिक गर्मी और लू के संपर्क में आने से डिहाइड्रेशन, हीट स्ट्रोक और अन्य स्वास्थ्य समस्याएं होने का खतरा बढ़ जाता है। लगातार धूप में आना-जाना उनके शारीरिक विकास पर भी नकारात्मक असर डाल सकता है।स्थानीय लोगों का कहना है कि दोपहर की चिलचिलाती धूप में बच्चों को केंद्र से घर लाना और ले जाना और भी अधिक जोखिम भरा हो जाता है।जिससे कई बार बच्चे पूरी तरह थककर टूट जाते हैं।

### पोषण आहार वितरण को लेकर सुझाव

ग्रामीणों और अभिभावकों ने सुझाव दिया है कि इस भीषण गर्मी के केवल दो से ढाई महीनों के लिए आंगनबाड़ी केंद्रों के संचालन में अस्थायी बदलाव किया जाए। उनका मानना है कि बच्चों को केंद्र बुलाने के बजाय पोषण आहार सीधे उनके घरों तक पहुंचाया जाना चाहिए।इस व्यवस्था से न केवल बच्चों को गर्मी से राहत मिलेगी। बल्कि उनके स्वास्थ्य की सुरक्षा भी सुनिश्चित की जा सकेगी। साथ ही आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं पर भी अनावश्यक दबाव कम होगा और व्यवस्था अधिक प्रभावी बन सकती है।

### प्रशासन से राहत की उम्मीद

स्थानीय नागरिकों ने मध्य प्रदेश शासन और जिला प्रशासन से इस मामले में संवेदनशीलता दिखाने की अपील की है। उनका कहना है कि बच्चों की सुरक्षा और स्वास्थ्य सर्वोपरि होना चाहिए।इसलिए गर्मी के मौसम में वैकल्पिक व्यवस्था लागू करना आवश्यक है। लोगों का यह भी कहना है कि यदि स्कूलों में मौसम के अनुसार बदलाव संभव है।तो आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए भी लचीली व्यवस्था लागू की जानी चाहिए।ताकि नन्हे बच्चों को इस चिलचिलाती गर्मी से बचाया जा सके। भीषण गर्मी के इस दौर में आंगनबाड़ी केंद्रों तक पहुंचते नन्हे बच्चों की स्थिति गंभीर चिंता का विषय बनती जा रही है। अभिभावकों की मांग है कि शासन इस ओर तत्काल ध्यान देकर ऐसी व्यवस्था लागू करे जिससे बच्चों को न तो शिक्षा और पोषण से वंचित होना पड़े और न ही उन्हें मौसम की मार झेलनी पड़े।

# धर्मान्तरण के खिलाफ बजरंग दल का आंदोलन आज

पद्मेश न्यूज। बालाघाट। बजरंग दल द्वारा जिहादी मानसिकता के खिलाफ 18 अप्रैल को स्थानीय कालीपुतली चौक में सुबह 11 बजे से उग्र आंदोलन किया जाएगा। बजरंग दल के सभी पदाधिकारी व सदस्यों ने लोगों से इस दौरान अधिकाधिक उपस्थिति की अपील की है। उन्होंने कहा कि हाल ही में कुछ घटनाओं में युवतियों को बहला-फुसलाकर धर्मान्तरण व शोषण के मामले सामने आए है। उन्होंने कहा कि देश भर में बढ़ रही कथित जिहादी मानसिकता व लव जिहाद की घटनाओं के विरोध में बजरंग दल द्वारा आंदोलन किया जा रहा है। इसी कड़ी में जिले में भी शनिवार को आंदोलन किया जा रहा है।

**नाम सुधार सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मै मोहरलाल तुरकर पिता श्री बिरजलाल तुरकर उम्र 65 वर्ष वार्ड न. 11 ग्राम चंगेरा पोष्ट रानककोड़ी तहसील किरनापुर जिला बालाघाट (म.प्र.) का निवासी हूँ।

मै यह शपथपूर्वक कथन करता हूँ कि मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र एवं अन्य दस्तावेजों में उसका नाम हंसकुमार तुरकर पिता मोहरलाल तुरकर अंकित है जो कि सत्य एवं सही है।

यह कि मेरे पुत्र के आधार कार्ड जिसका नंबर 826300714488 है जिसमें उसका नाम हिमांशु अंकित है जो कि त्रुटिवश गलत है।

यह कि मेरे पुत्र का सत्य एवं सही नाम हंसकुमार तुरकर पिता श्री मोहरलाल तुरकर है एवं भविष्य में भी मेरा पुत्र हंसकुमार तुरकर पिता श्री मोहरलाल तुरकर के नाम से जाना पहचाना जायेगा।

यह कि शपथपत्र में दी गई जानकारी सत्य एवं सही है। यदि किसी प्रकार की गलत जानकारी पाई जाती है तो उसकी जवाबदारी मेरी स्वयं की होगी।

बालाघाट दिनांक - 17.04.2026

**शपथकर्ता**
**मोहरलाल जी तुरकर**

# बालाघाट में निजी स्कूलों पर सख्ती- किताबें व यूनिफॉर्म एक ही दुकान से खरीदने के दबाव की होगी जांच

पद्मेश न्यूज। बालाघाट। मध्यप्रदेश शासन के स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देशों के पालन में जिले के अशासकीय (निजी) विद्यालयों पर अब सख्त निगरानी रखी जाएगी। कलेक्टर मृणाल मीना के निर्देशानुसार ऐसे स्कूलों की औचक जांच के लिए विकासखंड स्तर पर निरीक्षण दल सक्रिय किए गए हैं।

जिला प्रशासन को लगातार मीडिया एवं अन्य माध्यमों से शिकायतें मिल रही थीं कि कुछ निजी स्कूल प्रबंधन अभिभावकों को एक ही निर्धारित दुकान या स्थान से पाठ्यपुस्तकें, यूनिफॉर्म एवं अन्य शैक्षणिक सामग्री खरीदने के लिए अप्रत्यक्ष रूप से बाध्य कर रहे हैं। इतना ही नहीं, कुछ मामलों में इन सामग्रियों को अधिक कीमत पर बेचने की भी शिकायत सामने आई है।

शासन द्वारा पहले ही स्पष्ट निर्देश दिए जा चुके हैं कि अभिभावक खुले बाजार से अपनी सुविधा अनुसार सामग्री खरीद सकते हैं। इसके बावजूद कुछ विद्यालयों द्वारा नियमों की अनदेखी की जा रही है। शिकायतों में यह भी सामने आया है कि कई स्कूलों में संबंधित पाठ्यपुस्तकों का भंडारण स्कूल परिसर के किसी गोपनीय कक्ष में या आसपास की एक ही दुकान में किया जा रहा है, जिससे अभिभावकों पर दबाव बनाया जा सके।

इन गंभीर शिकायतों को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर श्री मीना ने जांच प्रक्रिया को तेज करने के निर्देश दिए हैं। अब निरीक्षण दल बिना पूर्व सूचना के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के बड़े विद्यालयों में रैंडम तरीके से औचक निरीक्षण करेंगे। जांच दल के सदस्यों को निर्देशित किया गया है कि वे प्रतिदिन जांच प्रतिवेदन अपने अभिमत सहित संबंधित कार्यालय को भेजना सुनिश्चित करें। इन प्रतिवेदनों के आधार पर आगामी दिनों में विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं विकासखंड स्त्रोत समन्वयकों द्वारा समीक्षा की जाएगी। बालाघाट जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यदि जांच में किसी प्रकार की अनियमितता पाई जाती है, तो संबंधित विद्यालय प्रबंधन के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। जांचकर्ता व निरीक्षण दल में प्रभारी बीईओ के साथ मे प्राचार्य, बीआरसी, बीडीओ व जनशिक्षक शामिल किए गए है। जिसमे बालाघाट विकासखंड के लिए निरीक्षण व जांचकर्ता दल में प्रभारी बीईओ आलोक मिश्रा, प्राचार्य श्री एसके तुरकर, बीआरसी महेंद्र शरणागत, जनशिक्षक श्रद्धानंद भालाधरे, रामकृष्णन भौमिक एवं सेवानंद सोमनकर को नियुक्त किया गया है। इसी तरह विकासखंड वारासिवनी के लिए वीरेंद्र बनोटे, राजेन्द्र कुमार बारमाटे, सतेंद्र शरणागत, अशोक टेम्भरे एवं कोमल बिसेन, लालबर्रा विकासखण्ड के लिए श्री वाय आर गजभिये, अरुण भगत, श्रीराम तुरकर, एनके बिसेन, सुदामा एडे, विकासखण्ड कटंगी के लिए श्री सीएस कुशराम, आर ताजिर, रविन्द्र हरिनखे, रूपसिंह पटले, गजेंद्र राहंगडाले, खैरलांजी विकासखण्ड के लिए श्री मुकेश तिवारी, शैलेन्द्र सहारे, शंकरलाल भगत, भरतलाल लिल्हारे एवं दिलीप बारेवार को नियुक्त किया गया है।

इसी तरह विकासखण्ड किरनापुर विकासखण्ड के लिए प्रभारी बीईओ गणेश सोनी, प्राचार्य श्रीमती अनिता तारन, बीआरसी सीएल टेकाम, जनशिक्षक सुरजलाल सोनवाने एवं संजय मेरावी, लांजी विकासखण्ड के लिए प्रमोद भिमटे, दुर्गेश फुल्झरे, शिवेंद्र उके, प्रदीप मुरकुटे, विनोद नेवारे, विकासखंड बैहर के लिए बीडीओ नरेन्द्र कुमार वैद्य एवं बीआरसी दीपक तिवारी, विकासखण्ड परसवाडा के लिए बीडीओ श्री डीडी ठाकरे एवं बीआरसी अरुण कुमार बिठले तथा बिरसा विकासखण्ड के लिए बीडीओ श्री केके पारधी एवं बीआरसी श्री नंदकिशोर टेकाम को नियुक्त किया गया है।

# कीटनाशक सेवन से जिला अस्पताल में भर्ती एक व्यक्ति की मौत

पद्मेश न्यूज। बालाघाट। कटंगी थाना अंतर्गत ग्राम सावंगी के बांडाटोला में इसी ग्राम के कृषक कन्हैयालाल पिता जानू उइके 55 वर्ष ने कीटनाशक दवाई का सेवन कर लिया। जिनकी जिला अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। इस व्यक्ति ने किस वजह से कीटनाशक दवाई का सेवन किया स्पष्ट नहीं हो पाया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कन्हैयालाल अपने परिवार के साथ खेती किसानी करता था। जिसके परिवार में दो लड़के और पांच लड़की है। जिनमे एक लड़का और चार लड़की की शादी हो चुकी है। बताया गया कि कन्हैया लाल इन दिनों घर में ही रहता था। 14 अप्रैल को कन्हैया लाल की पत्नी बसंता बाई ग्राम कामठी रिश्तेदार के यहा शादी में चली गई थी। 17 अप्रैल को सुबहबड़ा बेटा रविंद्र अपनी पत्नी के साथ काम पर चला गया था। और छोटा बेटा कृष्णा ग्राम टेकाड़ी शादी में चला गया था। कन्हैयालाल अपनी छोटी बेटी सीमा के साथ घर में था। 12:00 बजे करीब कन्हैयालाल ने कोई जहरीली वस्तु का सेवन कर लिया जो घर में उल्टी कर रहा था। इस संबंध उनकी छोटी बेटी ने अपने बड़े भाई रविंद्र को फोन करके बताई। तब परिवार के लोग पहुंचे और कन्हैयालाल को कटंगी के सिविल अस्पताल में भर्ती किए थे। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल बालाघाट रेफर किया गया था। जिला अस्पताल में उपचार के दौरान 4:00 बजे करीब कन्हैया लाल की मौत हो गई। जिला अस्पताल पुलिस ने प्रारंभिक कार्रवाई करते हुए मृतक कन्हैया लाल का शव अपने कब्जे में लेकर जिला अस्पताल के फ्रीजर में सुरक्षित रखवा दिए हैं। जिसका पोस्टमार्टम 18 अप्रैल को किया जाएगा इस व्यक्ति ने किस वजह से जहरीली वस्तु का सेवन किया। अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। इस मामले की आगे जांच कटंगी पुलिस द्वारा की जाएगी।

# पीएम स्वनिधि योजना क्रियान्वयन में बालाघाट नपा की उपलब्धि

## नपाध्यक्ष ने की डे-एनयूएलएम टीम की सराहना, बैठक में हुई समीक्षा

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की महत्वाकांक्षी योजना नगर पालिका परिषद बालाघाट ने प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के क्रियान्वयन में बड़ी उपलब्धि हासिल की है, इस योजना के तहत स्ट्रीट वेंडर रेहड़ी-पटरी वालों को आत्मनिर्भर बनाने तथा औपचारिक वित्तीय प्रणाली से जोड़ने का सशक्त कदम है। नगरपालिका परिषद बालाघाट द्वारा दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन डे-एनयूएलएम के माध्यम से इसका संचालन किया जा रहा है। जिसके क्रियान्वयन में उत्कृष्ट सफलता अर्जित की गई है लक्ष्य से अधिक हिग्राहियों को लाभान्वित किया गया है तथा कार्य प्रगतिरत है। संयुक्त कलेक्टर ने इस उपलब्धि पर एनयूएलएम टीम को सम्मानित कर उनका हौसला बढ़ाया वहीं नपाध्यक्ष ने भी बधाई प्रेषित करते हुए टीम की सराहना की। 17 अप्रैल को नपाध्यक्ष कक्ष में विभागीय समीक्षा बैठक हुई जहां आगामी कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा की गई।



### प्रदेश शासन ने किया था नपाध्यक्ष को पुरस्कृत

बालाघाट नगर पालिका परिषद द्वारा पीएम स्वनिधि योजना के बेहतर क्रियान्यन के लिये वर्ष 2024 में मध्यप्रदेश शासन नगरीय विकास एवं आवास विभाग मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के हस्ते बालाघाट नपाध्यक्ष भारती सुरजीतसिंह ठाकुर का सम्मान किया जा चुका है। स्ट्रीट वेंडर्स की आजीविका को बढ़ावा देने और शहरी आर्थिक विकास को गति देने में विभिन्न हितधारकों के उत्कृष्ट प्रयासों को प्रशंसा मिली है। मौजूदा वर्ष 2026 में बीते दिनों केन्द्रीय पीएम स्वनिधि मूल्यांकन टीम का बालाघाट दौरा हुआ था जहां लाभार्थियों की डाक्यूमेंट्री फिल्म भी तैयार की गई जबकि केन्द्रीय दल ने पीएम स्वनिधि योजना के सफलता क्रियान्वयन एवं अनुकरणीय प्रदर्शन को रेखांकित करते हुए बालाघाट नपा के कार्यो की प्रशंसा की है।

### लक्ष्य से अधिक लाभ, जिला प्रशासन ने किया सम्मान

पीएम स्वनिधि योजना 2.0 के तहत प्रदेश में स्ट्रीट वेंडर्स के लिये सहायक वातावरण तैयार करने की दिशा में बालाघाट नपा के प्रयास उम्दा रहे है। जिसके अंतर्गत शहरी क्षेत्र में डे-एनयूएलएम द्वारा दिये गये लक्ष्य 1464 को ना सिर्फ पूर्ति की गई बल्कि 1614 लाभार्थियों को लाभ दिलाकर उपलब्धि हासिल की है। बालाघाट संयुक्त कलेक्टर जिला शहरी विकास अभिकरण परियोजना अधिकारी राहुल नायक द्वारा डे-एनयूएलएम टीम के सिटी मिशन मैनेजर डुड़ा दीपक बिठले, सिटी मिशन मैनेजर नपा ममता नगपुरे, विशाल श्रीवास, धनेन्द्र धुवारे को सम्मान पत्र देकर उनका हौसला बढ़ाया गया।

### आर्थिक सशक्तिकरण कार्ययोजना पर बैठक

पीएम स्वनिधि योजना से आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देते हुए लक्ष्य से अधिक लाभार्थियों को लाभ पहुंचाये जाने पर नपाध्यक्ष भारती सुरजीतसिंह ठाकुर द्वारा डे-एनयूएलएम शाखा के कार्यो को सराहना की गई। 17 अप्रैल को उन्होंने समीक्षा बैठक ली जहां पर आगामी कार्ययोजना को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। नपाध्यक्ष ने बताया कि मोती उद्यान स्थित दुकानों को महिला स्व-सहायता समूह को आवंटित किये जाने पर विमर्श किया गया है, जबकि स्ट्रीट वेंडर्स के लिये भी समुचित प्रबंध किये जाएंगे। बैठक में विभागीय अधिकारी और कर्मचारियों के साथ ही सभापति योगिता विनय बोपचे की उपस्थिति रही।

**नाम सुधार सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मै गौरीशंकर पिता दिलीप पन्द्रे निवासी ग्राम मोहगांव खुर्द तहसील किरनापुर जिला बालाघाट (म.प्र.)।

मेरे आधार कार्ड, अंकसूची एवं अन्य शासकीय दस्तावेजों में मेरा नाम गौरीशंकर(Gaurishankar) दर्ज है जो कि त्रुटिपूर्ण है मेरा सही नाम गौरीशंकर पन्द्रे (Gaurishankar Pandre)है।

अतः मेरे समस्त शासकीय एवं अशासकीय दस्तावेजों में मेरा सही नाम गौरीशंकर पन्द्रे (Gaurishankar Pandre) दर्ज किया जाये और मुझे मेरे सही नाम गौरीशंकर पन्द्रे से ही जाना पहचाना लिखा एवं पढ़ा जाये।

**गौरीशंकर पन्द्रे**
**ग्राम मोहगांव खुर्द तह.किरनापुर**
**जिला बालाघाट(म.प्र)**

**कार्यालय ग्राम पंचायत बड़गांव ( क )**
**जनपद पंचायत लांजी, जिला बालाघाट**

क्रमांक / क्यू / ग्रा. प. बड़गांव क — दिनांक 17/04/2026

**निविदा**

विषयांकित लेख है कि ग्राम पंचायत बड़गांव (क) में वित्तीय वर्ष 2026-27 में मनरेगा योजना, वी.बी.जी.रामजी योजना, प्रधानमंत्री खनिज क्षेत्र कल्याण योजना, पंच परमेश्वर , 15 वां वित्त,16 वां वित्त आयोग, 5 वां 6 वां राज्य वित्त आयोग, मुख्यमंत्री विशिष्ट निधि, स्वकराधान मद, स्वच्छ भारत अभियान, विधायक - सांसद निधि, जिला पंचायत व जनपद पंचायत निधि, परफार्मेंस ग्रांट फंड, स्टेशनरी क्रय एवं अन्य मरम्मत व पंचायत में अन्य योजनाओं के तहत् विभिन्न निर्माण कार्य हेतु सामग्री क्रय की जानी हैं । इन कार्यों के लिए दिनांक 27/04/2026 तक नीचे लिखित वर्णित सामग्री हेतु मुहरबंद निविदाएं कार्यालयीन समय में आमंत्रित हैं । निविदा संबंधित विस्तृत जानकारी ग्राम पंचायत कार्यालय में आकर प्राप्त कर सकते है, निविदा के संबंध में अंतिम निर्णय ग्राम पंचायत का होगा । निविदा का लिफाफा कार्यालयीन समय पर ग्राम पंचायत बड़गांव (क) में जमा किया जावें एवं डाक द्वारा भेजे गये लिफाफे अंतिम तारीख के शाम 5 बजे तक ही मान्य किये जायेगें ।

सामग्री- सीमेंट , लोहा , गिट्टी , सीमेंट पाइप , लोहा पाइप , टीन , मिट्टी , मुरम , रेत , ईट , मिक्सर मशीन , वाइब्रेटर मशीन , पॉलीथीन , थर्माकॉल , रोलर , वॉशबेसिन नल सहित , पेंटिंग कार्य , गद्दू ( पेवर ब्लॉक ) , नल जल योजना हेतु पाइप, हेंडपम्प संधारण हेतु सामग्री, आधा एचपी, एक एचपी, दो एचपी, तीन एचपी विद्युत मोटर, कुर्सी , टेबल , स्ट्रीट लाईट संबंधी सामग्री , वाटर हारवेस्टिंग से संबंधित सामग्री , एसीसी एस्बेस्टस चादर ( छत ) , पी.वी.सी पाइप 10 फीट , एंगल नट बोल्ट सहित , सेंटिंग , तार , खीला , आईल , पेंट , दरी , आलमारी , कूलर , लैपटाप , कम्प्युटर सामग्री , टंकी , स्टेशनरी क्रय , नल - जल संधारण की सामग्री , पौधा क्रय , पंडाल व्यवस्था , मिक्षन , जेसीबी मशीन , ट्रेक्टर ट्राली , परिवहन सहित अन्य आवश्यक सामग्री शामिल हैं।

**श्रीमती कविता खेमराज खरे** — सरपंच
**दसरूलाल पांचे** — उपसरपंच
**कृष्णकुमार महेश्वरे** — सचिव
**रहेश ठाकरे** — रोजगार सहायक

**एवं समस्त पंचगण ग्राम पंचायत बड़गांव ( क ) तहसील लांजी जिला बालाघाट , मध्यप्रदेश**

# बुलेरो की ठोकर से मोटरसाइकिल सवार दो युवक घायल

पद्मेश न्यूज। बालाघाट। ग्रामीण थाना अंतर्गत गोंदिया रोड ग्राम खुरसोडी के पास बुलेरो कार मोटरसाइकिल को ठोस मारकर फरार हो गई। इस सड़क दुर्घटना में मोटरसाइकिल में सवार दो युवक घायल हो गए। घायल दोनों युवक दीपांशु पिता समारु यादव 15 वर्ष और मनीष पिता ताराचंद देशमुख 18 वर्ष दोनों ग्राम जरेरा थाना भरवेली निवासी है। जिनका इलाज जिला अस्पताल बालाघाट में किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार 16 अप्रैल की रात्रि में दीपांशु यादव मनीष देशमुख और भूकंपसिह वरकड़े तीनो युवक मोटरसाइकिल में अपने गांव जरेरा से ग्राम दिगोधा शादी में जा रहे थे तभी गोंदिया रोड ग्राम खुरसोडी के पास सामने से तेज रफ्तार से आ रही बुलेरो मोटरसाइकिल को ठोस मारकर फरार हो गई। बुलेरो की ठोकर से मोटरसाइकिल में सवार युवक दीपांशु यादव और मनीष देशमुख दोनों घायल हो गए वहीं भूकंपसिह वरकड़े 20 वर्ष को मामूली चोटे आई। घायलों को डायल 112 से जिला अस्पताल बालाघाट लाकर भर्ती किया गया। जहां उनका इलाज किया गया।

**किराये से देना है**

काली पुतली चौक बालाघाट मेन रोड पर स्थित स्टेट बैंक के बाजू में कमरा, ऑफिस एवं दुकान के लिये किराये से देना है।

**संपर्क करें- 8516809720**



**प्रभु पटले-माया पटले**
आपको वैवाहिक वर्षगांठ की
हार्दिक शुभकामनाएं
शुभेच्छु - समस्त पटले परिवार, बेहरई लालबर्रा बालाघाट

**कार्यालय तहसीलदार तहसील लालबर्रा**
**जिला बालाघाट ( म.प्र. )**

रा.प्र.क्र. 0006/ब-154/2026-27
**मौजा बघोली, रा.नि.मं. लालबर्रा**

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक लतीफ खान पिता इंतेयाज अली जाति मुसलमान, निवासी ग्राम बघोली, तहसील लालबर्रा, जिला बालाघाट द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि मौजा बघोली, रा.नि.मं. लालबर्रा, तहसील लालबर्रा, जिला बालाघाट में स्थित आवेदक द्वारा अपने पिता इंतेयाज पिता अहमद का अनुज्ञा प्रमाण पत्र रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1969 की धारा 12 (2), म.प्र. मृत्यु पंजीयन 1999 नियम 12 (2) प्रावधानों के अंतर्गत उपरोक्त मृत्यु की घटना दिनांक 11.10.2012 मृत्यु की घटना स्थल ग्राम बघोली के अंतर्गत आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वह दिनांक 22.04.2026 के पूर्व स्वयं या अपने अभिभाषक/अधिवक्ता सहित उपस्थित होकर इस न्यायालय में दावा आपत्ति पेश कर सकते है। नियत तिथि उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 17.04.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

स्थान - लालबर्रा
दिनांक - 18.04.2026

भूपेन्द्र अहिरवार
तहसीलदार
तहसील लालबर्रा जिला बालाघाट म.प्र.

**बारबेड वायर (कांटेदार तार) एवं चेन लिंक जाली उचित दाम पर उपलब्ध**
लघु उद्योग निगम भोपाल से संबद्ध



—निर्माता—
**तिरूपति इंजीनियरिंग वर्क्स**
मयूर टॉकिज के सामने हनुमान चौक, बालाघाट
फोन:- 07632-243531
मो:- 8989976858, 9425139998

## न्यूज गैलरी

# बालाघाट में राज्य सेवा व वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा की तैयारियां तेज

### जिले के लिए संभागीय पर्यवेक्षक नियुक्त

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग (एमपीपीएससी) द्वारा आयोजित राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2026 का आयोजन 26 अप्रैल 2026 (रविवार) को जिले में दो सत्रों में किया जाएगा। पहला सत्र प्रातः 10:00 बजे से 12:00 बजे तक तथा दूसरा सत्र दोपहर 02:15 बजे से 04:15 बजे तक आयोजित होगा।

परीक्षा की निष्पक्षता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए आयोग ने विशेष व्यवस्थाएं की हैं। इसी क्रम में बालाघाट जिले के लिए वरिष्ठ आईएएस अधिकारी श्री चतुरभुज सिंह को संभागीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। वे परीक्षा से दो दिन पूर्व जिले में पहुंचकर सभी परीक्षा केंद्रों की व्यवस्थाओं का निरीक्षण करेंगे और परीक्षा दिवस पर केंद्रों का आकस्मिक निरीक्षण भी करेंगे। वहीं, जिला शिक्षा अधिकारी श्री ए.के. उपाध्याय को पर्यवेक्षक के लिए लाइजनिंग अधिकारी बनाया गया है। लाइजनिंग अधिकारी को निर्देशित किया गया हैं कि वे पर्यवेक्षक को हर आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराएं, जिसमें लिपिकीय सहायता, ई-मेल, कंप्यूटर सहित अन्य जरूरी सुविधाएं शामिल हैं।

कलेक्टर मृणाल मीना के मार्गदर्शन में जिले में परीक्षा को सुचारू और पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी तैयारियां तेज कर दी गई हैं। जिले के परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा और व्यवस्थाओं को लेकर विशेष सतर्कता बरती जा रही है, ताकि अभ्यर्थियों को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

# पात्रता परीक्षा निरस्त करने की मांग तेज, हजारों शिक्षक आंदोलन पर

### जिले से 1000 से अधिक शिक्षक भोपाल रवाना, विभाग ने जुलाई-अगस्त में परीक्षा तिथि घोषित की

सिटी रिपोर्टर।
पद्मेश न्यूज। बालाघाट।

पात्रता परीक्षा को निरस्त किए जाने की मांग को लेकर प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षक प्रदेश स्तर पर बड़ा आंदोलन कर रहे हैं। इसी क्रम में जिले से 1000 से अधिक शिक्षक आंदोलन में शामिल होने के लिए भोपाल के लिए रवाना हो गए हैं। शिक्षकों का कहना है कि पात्रता परीक्षा को लेकर लंबे समय से असंतोष बना हुआ है और वे लगातार इसे निरस्त करने की मांग कर रहे हैं। आंदोलनरत शिक्षक सरकार से मांग कर रहे हैं कि पात्रता परीक्षा को तत्काल प्रभाव से रद्द किया जाए तथा इस संबंध में न्यायालय में पुनः याचिका दायर कर उचित निर्णय लिया जाए। वहीं दूसरी ओर शिक्षा विभाग ने प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षकों की पात्रता परीक्षा की तिथियां भी घोषित कर दी हैं। विभाग के अनुसार यह परीक्षा जुलाई और अगस्त माह में आयोजित की जाएगी। ऐसे में एक ओर जहां शिक्षक परीक्षा निरस्त करने की मांग को लेकर आंदोलनरत हैं, वहीं दूसरी ओर विभाग द्वारा परीक्षा की तैयारियां जारी रखने से स्थिति टकरावपूर्ण बनती नजर आ रही हैं। प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षकों की पात्रता परीक्षा को लेकर प्रदेश में विवाद गहराता जा रहा है। बीते कुछ माह पूर्व न्यायालय द्वारा सरकार को पात्रता परीक्षा आयोजित करने के निर्देश दिए गए थे, जिसके बाद राज्य सरकार ने बिना विलंब किए संबंधित विभाग को आदेश जारी कर दिए। विभाग ने भी इन निर्देशों के आधार पर शिक्षकों



के लिए पात्रता परीक्षा अनिवार्य करने की प्रक्रिया शुरू कर दी। हालांकि, इस निर्णय के बाद से ही प्रदेशभर के प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षकों में असंतोष की स्थिति बन गई है। शिक्षकों का कहना है कि अन्य राज्यों की तरह मध्य प्रदेश सरकार को भी इस मामले में न्यायालय में पुनर्विचार याचिका दायर करनी चाहिए थी, लेकिन ऐसा न करते हुए सीधे परीक्षा लागू करना उनके साथ अन्याय है। इसी मुद्दे को लेकर शिक्षक लगातार विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। पहले ब्लॉक और जिला स्तर पर धरना-प्रदर्शन किए गए, वहीं अब आंदोलन ने प्रदेश स्तर का रूप ले लिया है। शिक्षकों की प्रमुख मांग है कि पात्रता परीक्षा को निरस्त किया जाए और सरकार इस मामले में न्यायालय में पुनः याचिका लगाए। बीते दिनों शिक्षा मंत्री उदयप्रताप सिंह का बयान भी सामने आया था, जिसमें उन्होंने शिक्षकों से चिंता न करने और सरकार द्वारा याचिका दायर किए जाने की बात कही थी। बावजूद इसके शिक्षकों का आक्रोश कम नहीं हुआ और उन्होंने आंदोलन जारी रखने का निर्णय लिया। इसी क्रम में 18 अप्रैल को भोपाल में प्रस्तावित बड़े प्रदर्शन में शामिल होने के लिए जिले से लगभग 1000 से अधिक शिक्षक 17 अप्रैल को रवाना हो गए। इस दौरान आजाद अध्यापक संघ के पदाधिकारी आशीष बिसेन और शासकीय शिक्षक संघ के पदाधिकारी रितेश गेडाम ने स्पष्ट कहा कि जब तक सरकार पुनर्विचार याचिका दायर नहीं करती, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि सरकार को पहले ही इस दिशा में कदम उठाना चाहिए था, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं की गई है, जिसके कारण शिक्षकों को आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ रहा है। वहीं दूसरी ओर विभाग भी सरकार के निर्देशों के अनुसार परीक्षा प्रक्रिया को आगे बढ़ा रहा है। ट्राइबल क्षेत्रों के शिक्षकों के लिए जुलाई-अगस्त में परीक्षा आयोजित करने की तिथि तय की जा चुकी है, जबकि अन्य शिक्षकों के लिए भी चरणबद्ध तरीके से निर्देश जारी किए जा रहे हैं। ऐसे में एक ओर जहां विभाग परीक्षा की तैयारियों में जुटा है, वहीं दूसरी ओर शिक्षक संगठनों का विरोध तेज होता जा रहा है। अब देखना यह होगा कि सरकार इस पूरे मामले में क्या रुख अपनाती है क्या शिक्षकों की मांग मानते हुए न्यायालय में पुनर्विचार याचिका दायर की जाएगी या फिर तय कार्यक्रम के अनुसार परीक्षा आयोजित की जाएगी।

# गेहूं खरीदी शुरू, लेकिन केंद्रों पर सन्नाटा व्यवस्था पर उठे सवाल

### 15 अप्रैल से खरीदी के दावे, कई केंद्रों पर 20 से शुरू होने की बात, स्लॉट बुकिंग नहीं कर रहे किसान

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** जिले में रबी विपणन वर्ष 2026-27 के तहत किसानों से गेहूं खरीदी का कार्य 15 अप्रैल से शुरू कर दिया गया है, लेकिन जमीनी हकीकत इसके उलट नजर आ रही है। खरीदी शुरू होने के दावों के बावजूद कई केंद्रों पर अभी तक व्यवस्था सुचारू रूप से प्रारंभ नहीं हो पाई है। स्थानीय स्तर पर पड़ताल के दौरान शहर से लगे कुछ गेहूं खरीदी केंद्रों का निरीक्षण किया गया और वहां मौजूद नोडल अधिकारियों से चर्चा की गई। इस दौरान सामने आया कि कुछ केंद्रों पर 15 अप्रैल के बजाय 20 अप्रैल से खरीदी शुरू किए जाने की जानकारी दी जा रही है, जिससे प्रशासनिक दावों पर सवाल खड़े हो रहे हैं। वहीं कई किसानों ने खरीदी के लिए पंजीयन तो करा लिया है, लेकिन वे स्लॉट बुक नहीं कर रहे हैं। इसके चलते केंद्रों पर गेहूं की आवक बेहद कम है और खरीदी कार्य शुरू होने के तीन दिन बाद भी स्थिति लगभग नगण्य बनी हुई है। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी शासन द्वारा रबी सीजन की मुख्य फसल गेहूं की खरीदी प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है, लेकिन शुरुआत के तीन दिन बीत जाने के बाद भी जिले के अधिकांश खरीदी केंद्रों पर सन्नाटा पसरा हुआ है। किसान अब तक न तो स्लॉट बुक कराने पहुंच रहे हैं और न ही गेहूं लेकर खरीदी केंद्रों तक आ रहे हैं, जिससे पूरी व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं। जानकारी के अनुसार, 15 अप्रैल से जिले में समर्थन मूल्य



पर गेहूं खरीदी का कार्य शुरू कर दिया गया है। शासन द्वारा निर्धारित 25.85 रुपये प्रति क्विंटल की दर से खरीदी के बैनर भी लगाए गए हैं। हालांकि, किसानों के बीच इस दर को लेकर असंतोष की स्थिति बताई जा रही है। चुनाव के दौरान सरकार द्वारा 2700 रुपये प्रति क्विंटल देने का वादा किया गया था, लेकिन वर्तमान में तय समर्थन मूल्य 25.85 रुपये प्रति क्विंटल की दर से खरीदी जा रही है। जिले में बड़ी संख्या में किसानों ने गेहूं विक्रय के लिए पंजीयन कराया है, इसके बावजूद खरीदी केंद्रों पर उनकी अनुपस्थिति कई सवाल खड़े कर रही है। आखिर किसान केंद्रों तक क्यों नहीं पहुंच रहे हैं, इसकी स्पष्ट वजह अभी सामने नहीं आई है। हालांकि जानकारों का मानना है कि मूल्य को लेकर असंतोष, स्लॉट बुकिंग प्रक्रिया में देरी या अन्य व्यवस्थागत कारण इसकी वजह हो सकते हैं। स्थिति यह है कि कई खरीदी केंद्रों पर अब तक एक भी किसान गेहूं लेकर नहीं पहुंचा है। केंद्रों पर कर्मचारी किसानों के आने का इंतजार कर रहे हैं, लेकिन फिलहाल गतिविधि बेहद कम नजर आ रही है। इस संबंध में लालबर्रा तहसील के ग्राम पांढरवानी वृत्ताकार समिति लालबर्रा केंद्र पांढरवानी केंद्र क्रमांक 01 की कृषि विस्तार अधिकारी श्रीमति प्रतिभा रंगारेने दूरभाष पर बताया कि भले ही जिले में 15 अप्रैल से खरीदी शुरू हो चुकी है, लेकिन उनके केंद्र पर 20 अप्रैल से खरीदी प्रारंभ की जाएगी। वहीं, खरीदी व्यवस्था से जुड़े कोऑपरेटिव बैंक के अधिकारी एम.एल. यादव ने बताया कि किसानों ने पंजीयन तो करा लिया है, लेकिन अभी तक वे स्लॉट बुक कराने नहीं पहुंचे हैं। जिले में कुल 13 खरीदी केंद्र स्थापित किए गए हैं, परंतु फिलहाल अधिकांश केंद्रों पर खरीदी शुरू नहीं हो सकी है। उन्होंने उम्मीद जताई कि आने वाले दिनों में किसान गेहूं लेकर केंद्रों पर पहुंचना शुरू करेंगे और खरीदी प्रक्रिया गति पकड़ेगी। जिले में गेहूं खरीदी की धीमी शुरुआत ने प्रशासन की तैयारियों और किसानों की स्थिति दोनों पर सवाल खड़े कर दिए हैं। आने वाले दिनों में स्थिति स्पष्ट होने की उम्मीद जताई जा रही है।

# प्रेमनगर में भीषण आग, घर का सामान जलकर खाक

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** शहर के प्रेमनगर क्षेत्र में होटल मिडटाऊन के पीछे स्थित एक मकान में शुक्रवार को अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया। घटना के समय घर में कोई मौजूद नहीं था, जिससे आग तेजी से फैल गई और देखते ही देखते मकान का एक हिस्सा आग की लपटों में घिर गया। इस आगजनी में गृहस्थी का लगभग पूरा सामान जलकर नष्ट हो गया, जिससे पीड़ित परिवार को लाखों रुपये की आर्थिक क्षति हुई है। मिली जानकारी के अनुसार, प्रेमनगर निवासी अरुण कुमार असाटी, पिता स्व. शिवनारायण असाटी, अपने मकान के प्रथम तल पर रहते हैं। शुक्रवार को वे रोजाना की तरह सुबह पूजा-पाठ करने के बाद अपनी दुकान चले गए थे। इसी दौरान उनके घर के बेडरूम में अचानक आग लग गई। आग की लपटें और काला धुआं उठता देख आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। पड़ोसियों ने तुरंत अरुण कुमार को फोन कर घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही वे मौके पर पहुंचे और घर का दरवाजा खोलकर अंदर देखा तो आग पूरे कमरे में फैल चुकी थी और सामान जलकर राख हो चुका था। घटना की जानकारी मिलते ही नगर पालिका के दमकल विभाग को सूचना दी गई। दमकल कर्मी मौके पर पहुंचे और आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी और घर के बेडरूम में रखा अधिकांश सामान पूरी तरह जल चुका था। आग लगने की खबर सुनते ही आसपास के लोग बड़ी संख्या में मौके पर एकत्र हो गए। बताया जा रहा है कि बेडरूम में रखा फर्नीचर, कपड़े, जरूरी दस्तावेज और अन्य घरेलू सामान पूरी तरह नष्ट हो गया। पीड़ित अरुण कुमार असाटी ने



बताया कि घटना के समय वे दुकान पर थे और घर में कोई नहीं था। पड़ोसियों से सूचना मिलने पर जब वे पहुंचे तो आग ने सब कुछ तबाह कर दिया था। उन्होंने बताया कि इस आगजनी में संपत्ति से जुड़े महत्वपूर्ण दस्तावेज, आभूषण, कपड़े सहित अन्य कीमती सामान जल गया, जिससे लाखों रुपये से अधिक का नुकसान हुआ है। फिलहाल आग लगने के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल सका है। आशंका जताई जा रही है कि शॉर्ट सर्किट के चलते यह हादसा हुआ होगा, हालांकि वास्तविक कारणों की जांच की जा रही है।

### खबर प्रकाशन के बाद हरकत में आया विभाग

# नेवरगांव की बंद नल-जल योजना में शुरू हुआ सुधार कार्य

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** जिले के लामता रोड स्थित नेवरगांव में जल जीवन मिशन के तहत करीब 60.78 लाख रुपए की लागत से बनी नल-जल योजना के ठप होने की खबर प्रकाशित होने के बाद अब प्रशासन हरकत में आ गया है। पीएचई (लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग) के कार्यपालन यंत्री के निर्देश पर योजना में सुधार कार्य शुरू कर दिया गया है।बताया गया कि इस योजना का उद्देश्य लगभग 3 हजार की आबादी को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना था, लेकिन महज 8 से 10 दिन पानी सप्लाई के बाद ही यह योजना बंद हो गई थी। इसके चलते ग्रामीणों को एक बार फिर हैंडपंप और कुओं पर निर्भर होना पड़ रहा था। गर्मी के बढ़ते तापमान और गिरते भूजल स्तर ने समस्या को और गंभीर बना दिया था।जिसको लेकर स्थानीय समाचार पत्र में मुद्दा उठाए जाने के बाद विभाग ने तत्काल संज्ञान लिया। पीएचई के कार्यपालन यंत्री के निर्देश पर तकनीकी टीम को मौके पर भेजा गया, जहां पाइपलाइन, मोटर और पानी टंकी से जुड़ी खामियों की जांच कर सुधार कार्य शुरू किया गया।



### ग्रामीणों को जल्द राहत की उम्मीद

ग्रामीणों ने बताया कि लंबे समय से बंद पड़ी इस योजना के कारण उन्हें भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। अब सुधार कार्य शुरू होने से उन्हें उम्मीद है कि जल्द ही घर-घर नल से पानी मिलने लगेगा और जल संकट से राहत मिलेगी।

### पहले बनी थी सिर्फ शोपीस योजना

ग्रामीणों के अनुसार, योजना के तहत बनी पानी टंकी, पाइपलाइन और नल कनेक्शन केवल शोपीस बनकर रह गए थे। टेस्टिंग के नाम पर कुछ दिनों तक ही पानी दिया गया, इसके बाद पूरी व्यवस्था बंद पड़ी रही।बताया गया कि गर्मी के इस मौसम में नेवरगांव में जल संकट गहराता जा रहा था। हैंडपंप और कुओं में भी पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा था, जिससे ग्रामीणों की परेशानी बढ़ गई थी। ऐसे में अब शुरू हुआ सुधार कार्य ग्रामीणों के लिए बड़ी राहत की उम्मीद बनकर सामने आया है।

# चाकूबाजी कर लूट की वारदात का खुलासा, तीन आरोपी गिरफ्तार

### जागपुर घाट में छात्रों पर हमला कर मोबाइल व नकदी लूटी, पुलिस ने 7 टीम बनाकर किया पर्दाफाश

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** शहर में बीती रात हुई चाकूबाजी और लूट की गंभीर घटना का पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए खुलासा कर दिया है। पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा ने स्थानीय पुलिस कंट्रोल रूम में आयोजित प्रेस वार्ता में मामले की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि थाना कोतवाली में धारा 109(1), 309(6), 3(5) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस के अनुसार 16 अप्रैल की रात करीब 8:30 बजे यूपेश लिल्हारे अपने साथियों पियूष रूसे और अर्जुन के साथ वैनगंगा नदी किनारे स्थित जागपुर घाट शिव मंदिर के पास घूमने गए थे। इसी दौरान तीन अज्ञात युवकों ने उन्हें अकेला पाकर चाकू दिखाकर डराया-धमकाया और उनके पास से एक एंड्रॉयड मोबाइल फोन तथा 4 हजार रुपये नगद लूट लिए। विरोध करने पर आरोपी मीत बिसेन ने पियूष रूसे के पेट में चाकू से हमला कर दिया, वहीं बीच-बचाव करने पर यूपेश लिल्हारे पर भी चाकू से वार किया गया, जिससे वह घायल हो गया। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी पल्सर मोटरसाइकिल से मौके से फरार हो गए। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस द्वारा सात अलग-अलग टीमों का गठन किया गया। टीमों ने सीसीटीवी फुटेज खंगालते हुए संदिग्धों की तलाश शुरू की। लगातार प्रयासों के बाद पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों में अक्षय वर्मा उर्फ प्रिंस (22 वर्ष) निवासी वार्ड क्रमांक 19 प्रेमनगर, मीत बिसेन (18 वर्ष) निवासी वार्ड क्रमांक 27 प्रेमनगर तथा एक 17 वर्षीय नाबालिग शामिल है। पुलिस के अनुसार सभी



आरोपी पूर्व से आपराधिक गतिविधियों में लिप्त रहे हैं और इनके खिलाफ मारपीट, चोरी एवं अन्य मामलों में प्रकरण दर्ज हैं। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त चाकू, पल्सर मोटरसाइकिल, लूटा गया मोबाइल फोन और 4 हजार रुपये नगद जब्त किए हैं। फिलहाल मामले की विवेचना जारी है।

### इस तरह हुई थी वारदात

पीयूष रुषे और यूपेश लिल्हारे दोनों छात्र बालाघाट पॉलिटेक्निक कॉलेज के पीछे किराए के कमरे में रहकर पीजी कॉलेज में पढ़ाई कर रहे हैं। 16 अप्रैल की रात्रि 8 बजे पीयूष रुषे और यूपेंश लिल्हारे दोनो जागपुर घाट रात्रिकालीन मैच देखने गए थे। इसी दौरान बाइक सवार तीन युवक वहां पहुंचे और उन्हें बोले की तुम लोग यहां क्यों आए हो और कहा के रहने वाले हो। पीयूष ने उन्हें बोला कि हम लोग यहां किराए से रहकर पढ़ाई करते हैं। इसके बाद उन्हें बोला गया कि तीन दिन पहले यहा एक लड़की के साथ रेप हुआ है तुमको कुछ मालूम है क्या। पीयूष ने उन्हें बोला कि हमें इस संबंध में कुछ मालूम नहीं है। इसके बाद तीन युवक इन छात्रों के जेब की तलाशी लेने लगे और जेब से मोबाइल निकाल कर चेक करने लगे।पीयूष और उसके साथियों ने उनसे मोबाइल मांगे किंतु उन्होंने मोबाइल वापस ना करते हुए जेब में रख लिए। जिसका विरोध करने पर एक युवक ने चाकू निकालकर पियूष के पेट में वार कर दिया। वहीं युपेश द्वारा बीच-बचाव करने पर उस पर भी चाकू से हमला कर दिये जिससे उसके हाथ में चोट आई। आरोपियों ने दोनों के साथ मारपीट कर मोबाइल छीन लिया और मौके से फरार हो गए।

# तेज रफ्तार कार की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार युवक घायल

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** जिले की हट्टा थाना क्षेत्र में आने वाले ग्राम पाथरी रोड पर तेज रफ्तार कार ने मोटरसाइकिल को चपेट में ले लिया। कार की जबरदस्त ठोकर से मोटरसाइकिल सवार एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल दुर्गेश पिता पूरनलाल बिरनवार 22 वर्ष ग्राम पाथरी निवासी है ।जिसका इलाज जिला अस्पताल बालाघाट में किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार दुर्गेश बिरनवार खेती मजदूरी करता है। 16 अप्रैल को दोपहर में दुर्गेश मोटर साइकिल में ग्राम हट्टा किराने का सामान लेने के लिए आया था। और सामान खरीद कर वह मोटरसाइकिल में अपने घर पाथरी जा रहा था। जब वह अपने गांव की अमराई के पास पहुंच ही था। कि सामने से तेज रफ्तार से आ रही कार ने मोटरसाइकिल को चपेट में ले लिया। तेज रफ्तार कार मोटरसाइकिल को ठोस मारकर फरार हो गई। इस दुर्घटना में दुर्गेश बिरनवार घायल हो गया था। चुकी यह दुर्घटना ग्राम पाथरी के समीप ही हुई थी। खबर मिलते ही परिवार के लोग पहुंचे और घायल दुर्गेश को प्राइवेट वाहन से जिला अस्पताल बालाघाट लाकर भर्ती किये।

# खबर का असर, भीषण गर्मी को देखते हुए स्कूलों के समय में हुआ परिवर्तन

## कलेक्टर के निर्देश पर जिला शिक्षा अधिकारी ने जारी किये आदेश, अब प्रातः 7.30 बजे से दोपहर 12.30 की पालियों में लगेंगे स्कूल






रिपोर्टर।
पद्मेश न्यूज। लालबर्रा।

**भीषण गर्मी और बढ़ते तापमान के बीच स्कूली बच्चों को प्रातः 10.30 से स्कूल आने पर गर्मी के चलते खासा परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था एवं उनके स्वास्थ्य पर भी बुरा असर पड़ रहा था। बच्चों की स्वास्थ्य एवं स्कूल के समय में परिवर्तन करने की मांग को लेकर बालाघाट एक्सप्रेस अखबार में प्रमुखता से समाचार प्रकाशित किया गया था। जिसके बाद जिला प्रशासन ने जनहित और बच्चों के स्वास्थ्य को सर्वोपरि रखते हुए स्कूलों के समय में तत्काल प्रभाव से परिवर्तन कर दिया है। जिला शिक्षा अधिकारी बालाघाट ने कलेक्टर के आदेशानुसार इस संबंध में आधिकारिक निर्देश के पत्र जारी कर दिये है और पत्र जारी होने के बाद यह नियम तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है। किन्तु समय पर स्कूल के समय में परिवर्तन होने की जानकारी नही लगने के कारण 17 अप्रैल को पुर्व समय पर ही स्कूल लगा है, 18 अप्रैल से प्रातः 7.30 बजे से स्कूल लगेगें। वहीं स्कूल का समय परिवर्तन होने से अब बच्चों एवं अभिभावकों में हर्ष व्याप्त है और सुबह की पाली में स्कूल का संचालन होने से स्कूलों में बच्चों की संख्या में भी वृध्दि होगी।**

### नया समय निर्धारण, प्राथमिक स्कूलों को बड़ी राहत

कलेक्टर महोदय के निर्देश पर जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा जारी आदेश के अनुसार जिले के समस्त शासकीय, अशासकीय, नवोदय, सीबीएसई स्कूलों के समय में संसोधन किया गया है। जिसमें कक्षा नर्सरी से 5 वीं तक इन कक्षाओं का संचालन अब प्रातः 8.30 बजे से 10.30 बजे तक ही होगा। इसी तरह कक्षा 6 वीं से 12 वीं तक इन कक्षाओं का समय प्रातः 7.30 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक निर्धारित किया गया है। वहीं जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा जारी आदेश में स्पष्ट किया गया है कि यह नियम तत्काल प्रभाव से लागू होगा। परीक्षाओं का संचालन पूर्व निर्धारित समय सारणी के अनुसार ही रहेगा। लेकिन नियमित कक्षाओं के लिए अब नये समय का पालन अनिवार्य होगा। दो पालियों में चलने वाले स्कूलों को भी छात्र-छात्राओं की सुविधा अनुसार समय प्रबंधन के निर्देश दिये गये है।

### अभिभावकों ने जताया हर्ष

बता दें कि पिछले कुछ दिनों से दोपहर 3 से शाम 4 बजे तक स्कूल लगने के कारण बच्चे भीषण लू और चिलचिलाती धूप का शिकार हो रहे थे। उपस्थिति में आ रही कमी और बच्चों के स्वास्थ्य पर पड़ रहे प्रतिकूल प्रभाव को लेकर अभिभावकों ने समय बदलने की पुरजोर मांग की थी। बालाघाट एक्सप्रेस अखबार में इस समस्या को लेकर समाचार अखबार में समाचार प्रकाशन कर प्रशासन का ध्यानाकर्षण भी करवाया गया था। जिसके बाद प्रशासन हरकत में आया और यह जनहितैषी निर्णय लिया गया। अभिभावकों ने इस राहत के लिए प्रशासन और मीडिया का आभार व्यक्त किया है।

### इनका कहना है-

ग्रीष्म ऋतु में तापमान अधिक होने के कारण छात्र-छात्राओं के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है। समस्त स्कूल प्रमुखों को इन निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करना होगा।

**अश्विनी उपाध्याय**
**डीईओ**
**बालाघाट।**

# नगपुरा के हाई और हायर सेकेण्डरी स्कूल का परीक्षा में रहा उत्कृष्ट परिणाम

**पद्मेश न्यूज। लालबर्रा।** नगर मुख्यालय से लगभग 6 किमी दूर ग्राम पंचायत नगपुरा स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों ने माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा आयोजित हाईस्कूल (10 वीं)





और हायर सेकेंडरी (12 वीं) की बोर्ड परीक्षाओं में शानदार प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इस वर्ष स्कूल का परीक्षा परिणाम बीते वर्षों की तुलना में काफी बेहतर रहा है। चर्चा में स्कूल के प्राचार्य चंद्रपाल उके ने बताया कि कक्षा 10 वीं, 12 वीं का वार्षिक परीक्षा का परिणाम गत दिवस घोषित किया गया है जिसमें कक्षा 10 वीं का 86.11 प्रतिशत एवं कक्षा 12 वीं का 91.66 प्रतिशत परीक्षा परिणाम रहा है। वहीं विद्यालय के कई विद्यार्थियों ने अपनी मेहनत से विशेष उपलब्धि हासिल की है। जिसमें कु. कावेरी पिता विजय राऊत गणित समूह में कक्षा 12 वीं में 91.8 अंक प्राप्त कर स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इसी तरह आशीष पिता सिरेलाल मड़ावी ने जीव विज्ञान समूह से 75.8 अंक प्राप्त कर विद्यालय का मान बढ़ाया है। ग्रामीण क्षेत्र के इन विद्यार्थियों की सबसे बड़ी विशेषता यह रही है कि उन्होने बिना किसी बाहरी कोचिंग के, केवल अपनी कड़ी मेहनत और स्कूल के शिक्षकों के सही मार्गदर्शन से यह मुकाम हासिल किया है। वहीं अपनी इस सफलता का श्रेय विद्यार्थियों ने अपने माता-पिता और शिक्षकों को दिया है। प्राचार्य श्री उके एवं समस्त शिक्षक स्टाफ ने विद्यार्थियों की इस गौरवशाली उपलब्धि पर उन्हें बधाई दी है और उनके उ'जवल भविष्य की मंगल कामना की है।

# नेवरगांव वा. शास. उमावि. का कक्षा 12 वीं का परीक्षा परिणाम 89 प्रतिशत और 10 वीं का 82 प्रतिशत रहा



**पद्मेश न्यूज। लालबर्रा।** जनपद पंचायत लालबर्रा के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत नेवरगांव वा. ने इस वर्ष के परीक्षा परिणामों में शानदार सफलता दर्ज की है। विद्यालय का कक्षा 12 वीं का परीक्षा परिणाम 89 प्रतिशत तो कक्षा 10 वीं का परिणाम 82 प्रतिशत रहा है। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र और विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है। बोर्ड कक्षाओं के परीक्षा परिणाम में कक्षा 12 वीं कला संकाय में छात्रा अन्नू पिता थानेन्द्र बनवाले ने 88 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल में टॉप किया है। इसी संकाय में यश पिता उदेलाल शरणागत ने 85 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान एवं प्राची भिमटे ने 78 अंकों के साथ तृतीय स्थान पर रही है। वहीं विज्ञान संकाय में अमन पिता योगेश राहंगडाले ने 87 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया है। कनिश पिता धनलाल पटले ने 83.8 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरे स्थान पर तथा उ'जवल पिता डुकरूलाल बिसेन ने 81.8 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान पर रहे। इसी तरह कक्षा 10 वीं में कार्तिक पिता त्रिलोक पारधी ने 500 में से 471 अंक 94.8 प्रशित अंक प्राप्त कर स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। छात्रा हनी पिता धनीराम बाहेश्वर ने 94.2 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान और पूजा पिता युवराज टेंभरे ने 93 प्रतिशत अर्जित कर तृतीय स्थान प्राप्त किया है। वहीं विद्यार्थियों की इस उत्कृष्ट सफलता पर प्राचार्य श्रीमती उषा देशमुख सहित समस्त शिक्षक स्टाफ ने खुशी जाहिर की हैं। सफलता का श्रेय विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन को दिया गया है। वहीं सभी उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं देने वालों पर प्राचार्य श्रीमती उषा देशमुख, शिक्षक बी.एल. पटले, मंकेश मिश्रा, सी.आर. बखाते, रमेश धुर्वे, बी.के. मेहरा, श्रीमती वंदना पालीवाल, श्रीमती वीणा मर्सकोले, श्रीमती रीना लिल्हारे, श्रीमती खिलासन भगत, प्रशांत मेश्राम, लुपेन्द्र कुमार देशमुख, श्रीमती गीतेश्वरी टेम्भरे, श्रीमती लक्ष्मी विष्णु पटले, जयदीप जोशी, मनेष शेंडे,, कपिल कुमार उके, सुश्री दिव्या जोशी, नितिन देशमुख, श्रीमती रोशनी ठाकुर, लेखापाल किशोर पाल, लिपिक रवि कुमार कावड़े, भृत्य नोहरलाल उइके, शैलेन्द्र वासनिक, अंकित झारिया एवं समस्त जनशिक्षक व शाला प्रबंधन समिति के सदस्य शामिल है।

# सिहोरा-पोंडी पुल की क्षतिग्रस्त रेलिंग दे रही हादसों को न्यौता

## राहगीर एवं ग्रामीणों ने की क्षतिग्रस्त रेलिंग का मरम्मत कार्य एवं पुल के दोनों साईड स्पीड ब्रेकर बनाने की मांग





**पद्मेश न्यूज। लालबर्रा।** बालाघाट-सिवनी हाईवे मार्ग पर स्थित ग्राम पंचायत सिहोरा एवं पोंडी के बीच नाले पर बने पुल की रेलिंग क्षतिग्रस्त होने के कारण यह दुर्घटनाओं को आमंत्रण दे रही है क्योंकि विगत वर्ष पूर्व लाखों रूपयों की लागत से सिहोरा व पोंडी के बीच से गुजरी नाले के ऊपर पुल का निर्माण किया गया है। वहीं पुल से आवागमन करने वाले लोगों की सुरक्षा की दृष्टि से पुल के दोनों ओर सीमेंट की रेलिंग लगाई गई है ताकि पुल से आने-जाने वालों के साथ किसी प्रकार का हादसा घटित न हो सके परन्तु सीमेन्ट व लोहे से बनी रेलिंग का काम गुणवत्तापूर्ण नही होने के कारण क्षतिग्रस्त होने लगी है। ऐसी स्थिति में पुल से गुजरते समय अगर बाईक अनियंत्रित होने या पुल के किनारे खड़ा व्यक्ति अनियंत्रित हो जाता है तो वहां सीधे 30-35 फीट नीचे नाले की खाई में गिर सकता है जिससे बहुत बड़ा हादसा घटित हो सकता है। वही पुल के दोनों ओर स्पीड ब्रेकर नहीं होने के कारण वाहन तेज गति से गुजरते है यदि सामने से कोई बड़ा वाहन आ रहा हो और छोटा वाहन चालक स्वयं को नियंत्रित करते हुए पुल के किनारे पहुंचे तो रेलिंग के अभाव में वह दुर्घटनाग्रस्त हो सकता है। यह हाईवे मार्ग होने के कारण इस मार्ग से दर्जनों ग्राम के ग्रामीणजनों के द्वारा आवागमन किया जाता है। साथ ही इस पुल के समीप से एक मार्ग ग्राम पंचायत रमपुरी की भी ओर जाता है जहां से प्रतिदिन बड़ी संख्या में ग्रामीणों के द्वारा आवागमन किया जाता है और ग्रामीणजन भी स्पीड में वाहन हाईवे की ओर लेकर आते है। वहीं दूसरी ओर से हाईवे मार्ग पर भी दोनों ओर स्पीड ब्रेकर या बेरिकेट नहीं होने से छोटे-बड़े दुपहिया, चौपहिया वाहन बिना रूके तेज गति से गुजरते है। इस स्थिति में कई बार अचानक वाहन के आ जाने से टक्कर होने के साथ ही दुर्घटनाएं घटित होते रहती है। वहीं लंबे समय से पुल के दोनों साईड स्पीड ब्रेकर बनाने एवं क्षतिग्रस्त रेलिंग का मरम्मत कार्य करवाने की मांग जिम्मेदारों से की जा रही है परन्तु उनके द्वारा इस ओर कोई ध्यान नही दिया जा रहा है जिससे लोगों में शासन-प्रशासन के प्रति आक्रोश व्याप्त हैं। जबकि हैरानी की बात यह है कि इस मार्ग से रोजाना जिम्मेदार अधिकारी-कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधि भी आवागमन करते है परन्तु उन्हे पुल की क्षतिग्रस्त रेलिंग दिखाई नहीं पडती है जिससे ऐसा प्रतीत हो रहा है कि शासन प्रशासन किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहे है। राहगीर एवं ग्रामीणों ने पुल पर बने क्षतिग्रस्त रेलिंग का जल्द मरम्मत कार्य करवाने एवं पुल के दोनों साईड स्पीड ब्रेकर बनाने की मांग शासन-प्रशासन से की है।

# खमरिया में अंडर 19 टूर्नामेंट आज



पद्मेश न्यूज। लालबर्रा। नगर मुख्यालय से लगभग 10 किमी. दूर ग्राम पंचायत खमरिया के हाई स्कूल खेल मैदान में टाइटन्स कप के तत्वाधान में 19 अप्रैल से अंडर 19 (क्रिकेट) टूर्नामेंट का आयोजन किया गया है। चर्चा में आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि आयोजित अंडर 19 (क्रिकेट) टूर्नामेंट में प्रथम पुरस्कार 10,000 रूपये, द्वितीय पुरस्कार 5000 रूपये, तृतीय पुरस्कार 3000 रूपये, प्रवेश शुल्क 450 रूपये निर्धारित किया गया है। उक्त प्रतियोगिता का शुभारंभ जिला पंचायत सभापति डुलेन्द्र ठाकरे, जनपद सदस्य श्रीमती इंद्रकला वेदराम राहंगडाले, खमरिया उपसरपंच योगराज पटले, रटेगांव पूर्व सरपंच बालकृष्ण बिसेन, पूर्व सरपंच श्रीमती लक्ष्मी वाघाड़े, श्रीमती यशवंता गाते, अनिल टेंभरे, खुमानसिंह बिसेन, सेवानिवृत्त शिक्षक भोजराम वाघाड़े, उमेश चौधरी के मुख्य आतिथ्य एवं सरपंच श्रीमती 'योति अनिल टेंभरे की अध्यक्षता में प्रारंभ होगा। इस अवसर पर क्षेत्रभर के क्रिकेट टीम के खिलाड़ियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर अपने खेल का उत्कृष्ट प्रदर्शन करने की अपील आयोजन समिति के आरएल गाते, कोमलचंद चौधरी, संदेश डहरवाल, गुलाबसिंह चौधरी, रमेश नागोसे, ज्ञानीराम पारधी, डिलेश्वर रोकडे, अनुपचंद पटले, रामदिन डहरवाल, प्रदीप डहरवाल, राजू डहरवाल, चैनलाल टेंभरे, डिगनलाल चौधरी, डालीराम नागोसे, दिनेश चौहान, संजय चौधरी, प्रमोद चौधरी, संतोष चौधरी, रविशंकर चौधरी, चुरनलाल डहरवाल, अवदेश पारधी, दुर्गाप्रसाद एसने, आनंद करकाड़े, सदस्य लक्की डहरवाल, राज चौधरी, ओम पारधी, आदित्य खरोले, आयुष खरोले, साहिल राउत, अंशुल रोकड़े, डुलेश नागोसे, संजय गाते, अमन हनवत, लक्की राउत, अनमोल, जय, नैतिक, प्रियांशु, तुषार, हंस एवं साहिल ने की है।

# पैंसी फ्लावर्स स्कूल का हाईस्कूल परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट, विद्यार्थियों ने किया शानदार प्रदर्शन

**पद्मेश न्यूज।** चांगोटोला। मध्य प्रदेश शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित हाई स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा में द स्कूल ऑफ पैंसी फ्लावर्स के विद्यार्थियों ने इस वर्ष उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम पूरे क्षेत्र में गौरवान्वित किया है। विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा, जिससे स्कूल परिसर में हर्ष और उत्साह का माहौल बना हुआ है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, अंग्रेजी माध्यम में एकाग्र क्षीरसागर ने 96.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। भाविका बागरेस ने 86.8 प्रतिशत के साथ द्वितीय एवं हर्ष परते ने 84.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा देव चौहान (82.4%), विशाखा घारपिंडे (82%), तन्मय नाग (79%), कशिश झारिया (74.4%), दिव्या महाजन (73.6%), कृतयानी अहिरवार (70.2%), सचिन बमुरे (68.2%), प्रिंस (68.2%), शशांक चौहान (66.8%) एवं दीक्षा महाजन (66.2%) ने भी अच्छे अंक प्राप्त कर सफलता अर्जित की।

वहीं हिन्दी माध्यम में भी विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया।



प्रिंसी चौधरी ने 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि महिमा ने 95.6 प्रतिशत एवं मान्शी पटले ने 91.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर क्रमशः द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। अन्य विद्यार्थियों में याशिका ठाकरे (79.2%), समरीन शाह (76.8%), गाथा टेम्भरे (75.6%), बरखा कंसरे (73.2%), दिशा ठाकरे (72.6%), शुभम नामदेव (71.8%), रंजित पंचेस्वर (71.6%), आयुष ठाकरे (70.8%), अलफिया अली (70.8%), स्तुति नामदेव (68%), अंश राहंगडाले (66.4%), रिया देशराज (63.4%), लक्ष्मी उइके (59%), शुभम पटले (58.6%), तरुण पटले (58.4%) एवं विक्रम पटले (56.8%) ने भी सफलता प्राप्त कर विद्यालय का मान बढ़ाया।

इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती श्यामली हरीश नाग ने सभी सफल विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि यह परिणाम विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन एवं अभिभावकों के सतत सहयोग का प्रतिफल है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि भविष्य में भी विद्यार्थी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन करेंगे।

विद्यालय प्रबंधन द्वारा सभी सफल विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें आगे की पढ़ाई के लिए प्रेरित किया गया। वहीं अभिभावकों एवं क्षेत्रवासियों ने भी इस शानदार परिणाम पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों की सराहना की।

इस प्रकार पैंसी फ्लावर्स स्कूल ने एक बार फिर साबित कर दिया कि मेहनत, अनुशासन और सही मार्गदर्शन से सफलता निश्चित रूप से प्राप्त की जा सकती है।

# ब्लॉक में हर स्तर पर संगठन का निर्माण करें

## - कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्षों के सम्मेलन में प्रदेश प्रभारी ने दिया मंत्र

भोपाल । राजधानी के रविंद्र भवन में कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्षों का सम्मेलन आयोजित किया गया। इस अवसर पर मप्र कांग्रेस के प्रभारी हरीश चौधरी ने कहा कि ब्लॉक अध्यक्ष होने के नाते आप सभी से अपेक्षा है कि अपने ब्लॉक में हर स्तर पर संगठन का निर्माण करें। मंडल, ब्लॉक कार्यकारिणी, गांव और वार्ड स्तर की इकाइयों के साथ बीएलए-2 की नियुक्ति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि जिन गांवों में इकाइयां बन चुकी हैं, उनका सत्यापन किया जाए और उनकी स्थिति का प्राथमिकता से मूल्यांकन किया जाए। गांव की इकाइयों और बीएलए-2 का सत्यापन करना जरूरी है।

हरीश चौधरी ने कहा कि पार्टी की ओर से प्रभारी नियुक्त किए गए हैं। उनके साथ मिलकर केवल ब्लॉक मुख्यालय तक सीमित न रहें, बल्कि हर गांव में जाकर इकाइयों का सत्यापन करें और बीएलए-2 से व्यक्तिगत रूप से मिलकर उनका सत्यापन सुनिश्चित करें। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी, अजय सिंह, कमलेश्वर पटेल, कांतिलाल भूरिया, डॉ. गोविंद सिंह, विजयलक्ष्मी साधौ सहित कई नेता मौजूद रहे।

### बैठकों की रिपोर्ट कनेक्ट सेंटर को देना अनिवार्य



हरीश चौधरी ने कहा कि कनेक्ट सेंटर की व्यवस्था के तहत संगठन की सभी बैठकों और उनमें शामिल लोगों की सूची अनिवार्य रूप से भेजी जाए। यदि कोई पदाधिकारी बैठक में शामिल नहीं होता है, तो इसकी जानकारी कनेक्ट सेंटर को दी जाए, पार्टी स्वयं इस पर निर्णय लेगी। उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर का पदाधिकारी हो, उसे अपने क्षेत्र की बैठकों में शामिल होना अनिवार्य है। ब्लॉक स्तर पर होने वाले कार्यक्रमों में कौन-कौन शामिल हुआ, इसकी रिपोर्ट भी कनेक्ट सेंटर को भेजनी होगी। चौधरी ने स्पष्ट किया कि बैठक में शामिल न होने वाले पदाधिकारियों पर कार्रवाई का अधिकार पार्टी के पास है। इस संबंध में आगे सर्कुलर जारी कर जानकारी दी जाएगी। उन्होंने विधानसभा प्रभारियों से भी ब्लॉक अध्यक्षों को सहयोग देने की अपील की और कहा कि संगठन की असली ताकत जमीनी स्तर पर काम करने वाले कार्यकर्ता हैं, जिनके सहयोग से संगठन मजबूत होगा।

### जिला अध्यक्षों के काम का मूल्यांकन जारी

हरीश चौधरी ने ब्लॉक अध्यक्षों से कहा कि वे अपने क्षेत्र में मंडल, ब्लॉक, गांव और वार्ड स्तर पर संगठन का गठन सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि ब्लॉक अध्यक्ष गांवों में जाकर बनी इकाइयों और बीएलए-2 का सत्यापन करें और उनकी स्थिति का मूल्यांकन करें। चौधरी ने बताया कि जिला अध्यक्षों के कार्य का मूल्यांकन किया जा रहा है। रिपोर्ट के आधार पर उनके कार्यकाल पर निर्णय लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि ब्लॉक अध्यक्षों के कार्य का भी 6 महीने बाद मूल्यांकन किया जाएगा और आगे की जिम्मेदारी तय होगी।

### ब्लॉक कमेटियों के गठन और सत्यापन पर निर्देश

कांग्रेस जन संवाद के लिए 21 सदस्यीय ब्लॉक कमेटी का गठन अनिवार्य बताया गया। सभी ब्लॉक, मंडल और बूथ स्तर की समितियां पूरी तरह बनी हों और जिन लोगों को जिम्मेदारी दी गई है, उन्हें इसकी जानकारी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि केवल सूची बनाकर नाम भेजना पर्याप्त नहीं है। सभी नियुक्तियों का फिजिकल वेरिफिकेशन विधानसभा प्रभारी, जिला प्रभारी और आईसीसी के कनेक्ट सेंटर के माध्यम से किया जाएगा। निर्देश दिए गए कि जो लोग काम नहीं करना चाहते, उन्हें कमेटी में शामिल न किया जाए। यदि गठन में कोई कमी है तो उसे तुरंत सुधारने की बात कही गई। उन्होंने कहा कि कोई भी ऐसा पदाधिकारी न बने, जिसे यह ही पता न हो कि वह कमेटी में शामिल है। यदि फोन करने पर कोई व्यक्ति अपनी जिम्मेदारी से अनजान मिलता है, तो यह स्थिति स्वीकार्य नहीं होगी।

# आरटीई के अंतर्गत चयनित स्कूलों में अब 25 अप्रैल तक अभिभावक विद्यार्थियों का करा सकेंगे एडमिशन

भोपाल। शिक्षा के अधिकार अधिनियम (ऋक्षश्व) के अंतर्गत निजी स्कूलों में निशुल्क प्रवेश को लेकर राज्य शिक्षा केंद्र ने विद्यार्थियों के हित में एक बड़ा निर्णय लिया है। केंद्र ने एडमिशन की तिथि को बढ़ा दी है। अब विद्यार्थी प्रथम चरण की लॉटरी में चयनित निजी स्कूलों में 25 अप्रैल तक एडमिशन ले सकेंगे। पहले प्रवेश की अंतिम तिथि 15 अप्रैल थी, लेकिन अब इसे बढ़ाकर अभिभावकों और विद्यार्थियों को अतिरिक्त समय दिया गया है। इस संबंध में राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा सभी जिलों को आवश्यक निर्देश भी जारी कर दिए गए हैं। संचालक राज्?य शिक्षा केन्?द्र हरजिंदर सिंह ने बताया कि सभी जिलों के कलेक्टर और जिला शिक्षा केन्द्रों के परियोजना समन्वयकों को पत्र भी लिखा गया है।

# श्योपुर में अनियंत्रित होकर पलटी ट्रैक्टर-ट्रॉली, चार महिलाओं की मौत, 22 घायल

श्योपुर। मध्य प्रदेश के श्योपुर में सड़क हादसे में चार महिलाओं की मौत हो गई और 22 से ज्यादा लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। सीएम मोहन यादव ने घटना पर दु:ख जताते हुए मृतकों के परिजनों को आर्थिक सहायता देने के निर्देश दिए हैं।

जानकारी के मुताबिक वीरपुर के घुघस गांव से एक ट्रैक्टर-ट्रॉली में सवार होकर लोग पार्वती बड़ौदा गांव में भात देने के लिए जा रहे थे। इसी दौरान विजयपुर क्षेत्र के पास गैस गोदाम के नजदीक ट्रैक्टर-ट्रॉली अचानक अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में चार महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान सरोज पत्नी मगन गुर्जर, सुनेना पत्नी कल्ला गुर्जर, सीमा पत्नी कालू गुर्जर और गीता पत्नी घनश्याम गुर्जर के रूप में हुई है। हादसे के बाद घटनास्थल पर चीख-पुकार मच गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत राहत और बचाव कार्य शुरू किया।

इस घटना को लेकर सीएम मोहन यादव ने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि श्योपुर जिले के विजयपुर थाना क्षेत्र के खितरपाल गांव में ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से महिलाओं के निधन का समाचार अत्यंत दुखद है। दुर्घटना में जो घायल हुए हैं, उनको उपचार प्रदान किया जा रहा है। मृतकों के परिजनों को राज्य शासन की ओर से 4-4 लाख रुपए, गंभीर रूप से घायलों को 1-1 लाख रुपए और अन्य घायलों को 50-50 हजार रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान करने के निर्देश दिए हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा कि ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से 4 महिलाओं की मौत की खबर अत्यंत दुखद एवं हृदय विदारक है। उन्होंने कहा कि ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करें तथा शोकाकुल परिजनों को इस असहनीय दु:ख को सहन करने की शक्ति दें। साथ ही घायलों के शीघ्र और पूर्ण स्वस्थ होने की कामना करता हूं।

# बीजेपी विधायक के बेटे की थार से 5 लोग कुचले, वीडियो वायरल

## प्रीतम सिंह लोधी के बेटे दिनेश पर एफआईआर

शिवपुरी,। मध्य प्रदेश के शिवपुरी जिले में एक गंभीर सड़क हादसे और कथित दबंगई का मामला सामने आया है, जिसमें पिछोर विधानसभा से भाजपा विधायक प्रीतम सिंह लोधी के बेटे दिनेश लोधी पर अपनी थार कार से पांच लोगों को टक्कर मारने का आरोप लगा है। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल होने के बाद मामला और गंभीर हो गया है।

जानकारी के अनुसार, घटना करैरा थाना क्षेत्र की है। शिकायतकर्ता संजय परिहार ने पुलिस को बताया कि वह अपने साथियों के साथ सुबह करीब 7:30 बजे बाइक से मजदूरी के लिए जा रहे थे। इसी दौरान पीछे से तेज रफ्तार थार कार आई और बाइक सवार तीन मजदूरों तथा पैदल चल रही दो महिलाओं को टक्कर मार दी, जिससे सभी लोग घायल हो गए। पीड़ितों का आरोप है कि कार दिनेश लोधी चला रहे थे और वाहन पर आगे और पीछे विधायक से जुड़े साइन भी लगे हुए थे, जिससे उसकी पहचान स्पष्ट हो रही थी। हादसे के बाद सामने आए वीडियो में दिनेश लोधी घायलों से बहस करते हुए नजर आ रहे हैं। वीडियो में वह यह कहते दिख रहे हैं कि उन्होंने हॉर्न और सायरन बजाया था, फिर भी लोग रास्ते से नहीं हटे। उन्होंने यह भी कहा कि वह सुबह जिम जाने के लिए निकले थे। घटना के बाद स्थानीय पुलिस ने मामले में एफआईआर दर्ज कर ली है और जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, सभी पहलुओं की जांच की जा रही है और वीडियो फुटेज को भी सबूत के तौर पर शामिल किया गया है। इस बीच, जानकारी यह भी सामने आई है कि आरोपी दिनेश लोधी ने खुद पुलिस से कानूनी कार्रवाई करने का आग्रह किया है। वहीं, विधायक पिता प्रीतम सिंह लोधी ने भी कहा है कि कानून से ऊपर कोई नहीं है और यदि किसी ने गलती की है तो उसके खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए।

# जनकल्याण के कामों में तेज़ी लायें, निरीक्षण करें, गांवों में करें रात्रि विश्राम - मुख्यमंत्री

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार को मंत्रालय से प्रदेश में चलाये जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान, पूर्ण हो चुके संकल्प से समाधान अभियान और सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी गतिविधियों की उच्च स्तरीय समीक्षा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए प्रदेश के सभी कमिश्नर्स एवं कलेक्टर्स के साथ योजनाओं की प्रगति पर विस्तार से चर्चा कर समुचित दिशा-निर्देश दिए।

समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सभी विभागीय अधिकारियों एवं कलेक्टर्स से कहा कि प्रदेश और समाज की बेहतरी के लिए सरकार द्वारा विभिन्न अभियानों के माध्यम से महती प्रयास किये जा रहे हैं। सरकार के इन सभी प्रयासों एवं अभियानों में जन जुड़ाव एवं सहभागिता बेहद जरूरी है। इन सभी अभियानों की सार्थकता और सफलता तभी सुनिश्चित होगी, जब इनमें अधिकाधिक जनसहयोग एवं जन भागीदारी भी हो। इसके लिए सभी समर्पित और फोकस्ड होकर प्रयास करें।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सभी कलेक्टर्स से कहा कि वे जनता के कल्याण के कामों को तेजी से पूर्ण करायें। सरकार की योजनाओं का फील्ड में पूर्णतया क्षमता और दक्षता के साथ व्यापक स्तर पर सुचारु एवं बेहतर क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। जनता और जनप्रतिनिधियों के साथ मिलकर, उनकी जरूरतों और सुझावों पर अमल करते हुए जनोन्मुखी प्रशासन से खुद की और सरकार की साख बढ़ायें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सभी कलेक्टर्स लगातार जिले में भ्रमण करें, लोगों से चर्चा करें, उनकी समस्या सुनकर समाधान करें और गांवों में रात्रि विश्राम करें, इससे सरकारी योजनाओं का मैदानी स्तर पर क्रियान्वयन में मदद मिलेगी।

# शिक्षक भर्ती अभ्यर्थियों के प्रदर्शन में हंगामा, एक घायल

भोपाल। भोपाल में शिक्षक भर्ती 2025 के अभ्यर्थियों का आंदोलन शुक्रवार को उस समय तेज हो गया, जब सीएम हाउस की ओर बढ़ रहे प्रदर्शनकारियों को पुलिस ने पॉलिटेक्निक चौराहे के पास रोककर खदेड़ दिया। अभ्यर्थियों का आरोप है कि पुलिस ने उनके साथ अभद्र व्यवहार किया और कई को जबरन बसों में बैठाकर खजूरी थाने ले जाया गया। इस दौरान एक अभ्यर्थी के घायल होने की जानकारी भी सामने आई है। वर्ग-2 और वर्ग-3 शिक्षक भर्ती के अभ्यर्थी शांतिपूर्ण तरीके से अपनी मांग रखने के लिए सीएम हाउस की ओर जा रहे थे। इसी दौरान पॉलिटेक्निक चौराहे के पास पुलिस ने उन्हें रोक लिया। अभ्यर्थियों का कहना है कि कुछ देर बैठने के बाद अचानक पुलिस ने उन्हें वहां से खदेड़ना शुरू कर दिया और बसों में बैठाकर सीधे खजूरी पुलिस थाने ले जाया गया।

ग्वालियर से आए अभ्यर्थी सूरत सिंह धाकड़ ने बताया कि वे शांतिपूर्वक प्रदर्शन कर रहे थे, लेकिन पुलिस ने गाली-गलौज करते हुए उन्हें वहां से हटाया। उनका आरोप है कि हमें खदेड़कर गाड़ियों में बैठाया गया और थाने छोड़ दिया गया, हमारे साथ बदतमीजी की गई। शिवपुरी से आए अभ्यर्थी नितिन ने आरोप लगाया कि पुलिस कार्रवाई के दौरान उनकी उंगली फ्रैक्चर हो गई। उन्होंने कहा, हम सिर्फ अपनी मांग रखने जा रहे थे, कोई अपराध नहीं किया, फिर भी हमारे साथ ऐसा व्यवहार किया गया।

### 1.15 लाख पद खाली, फिर भी भर्ती सीमित

अभ्यर्थियों का कहना है कि प्रदेश में 1.15 लाख से अधिक शिक्षक पद खाली हैं। इसके बावजूद भर्ती में सीमित पद घोषित किए गए हैं, जिससे योग्य उम्मीदवारों को अवसर नहीं मिल पा रहा। अभ्यर्थी पिछले कई महीनों से भोपाल में लगातार प्रदर्शन कर रहे हैं। खून से आवेदन लिखने, भूख हड़ताल, मुंडन और मार्कशीट दहन जैसे कदम भी उठाए जा चुके हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया।

# मई-जून में खुलेंगे तबादलों के द्वार

भोपाल । मध्य प्रदेश में मई-जून में तबादले होंगे। इसके लिए सामान्य प्रशासन विभाग तबादला नीति तैयार करेगा। नीति पिछले साल की तरह ही होगी। तबादला आदेश ऑनलाइन जारी होंगे। किसी भी संवर्ग में अधिकतम 20 प्रतिशत तबादले किए जा सकेंगे। जिले के भीतर आदेश प्रभारी मंत्री के अनुमोदन के बाद ही कलेक्टर जारी करेंगे। विधायकों की अनुशंसा को प्राथमिकता मिलेगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि नीति का प्रारूप तैयार करके कैबिनेट के सामने प्रस्तुत किया जाए। विधायक और जनप्रतिनिधियों द्वारा लगातार अधिकारियों-कर्मचारियों के तबादले को लेकर मुख्यमंत्री को मांग पत्र दिए जाते हैं। प्रयास यह रहता है कि ए प्लस नोटशीट मुख्यमंत्री की ओर से विभाग को चली जाए तो तबादला हो जाए मगर इससे प्रशासकीय व्यवस्था प्रभावित होती है। हाल ही में एक बैठक में जब मंत्रियों-विधायकों ने तबादले को लेकर बात उठाई तो मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस तरह पिछले साल व्यवस्था थी, वैसी ही रहेगी। विभाग अपनी आवश्यकता के अनुसार तबादले करें। जिले के भीतर प्रशासनिक व्यवस्था को देखते हुए कलेक्टर तबादले के प्रस्ताव प्रभारी मंत्री को प्रस्तुत करेंगे। वे विधायकों की अनुशंसा को दृष्टिगत रखते हुए अनुमोदन देंगे। राज्य संवर्ग के प्रथम श्रेणी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के तबादला समन्वय के माध्यम से मुख्यमंत्री के अनुमोदन से होंगे। शेष अधिकारियों के तबादला प्रस्ताव का अनुमोदन विभागीय मंत्री करेंगे। इसमें इस बात का ध्यान रखा जाएगा कि पहले उन कार्यपालिक अधिकारियों को स्थानांतरित किया जाएगा जिन्हें एक स्थान पर पदस्थ रहते तीन वर्ष से अधिक हो चुके हैं।

# चुनाव में महिलाओं का वोट मिल जाए इसलिए बिल लाया

## महिला आरक्षण और तबादला उद्योग पर कांग्रेस ने सरकार को घेरा, पूर्व मंत्री पीसी शर्मा बोले

भोपाल। मध्यप्रदेश के पूर्व कानून मंत्री पीसी शर्मा ने महिला आरक्षण बिल, परिसीमन, टेंपल मैनेजमेंट कोर्स तबादला नीति पर सरकार पर सियासी निशाना साधा है। प्रत्येक विधानसभा से फंड इकट्ठा करने मामले पर कहा- फंड की कमी का कॉन्सेप्ट नहीं है। विपक्ष में हैं तो फंड की कमी तो विपक्ष को रहती है। पूरी लूटमार तो भारतीय जनता पार्टी कर रही है लेकिन इससे लोगों को जोड़ने पर कोई ?100 ?50 दे देगा जिससे उसकी कनेक्टिविटी कांग्रेस से बनेगी और उनको लगेगा कि यह हमारी पार्टी है जिसमें हमने भी सहयोग किया है। तबादला शुरू होने पर कहा- तबादला उद्योग ओपन होने वाला है। फिर से ट्रांसफर होंगे, पैसा चलेगा और लोगों की तबादले होंगे।



उन्होंने कहा कि जनगणना के पहले जो आरक्षण कर रहे हैं वह गलत है पहले जनगणना हो फिर परिसीमन हो और फिर आरक्षण हो। जो भी अभी हो रहा है नारी सम्मान के नाम पर यह सब पंचायत में है और नगर निगम में पहले ही दिग्विजय सिंह की सरकार में हुआ है। राजीव गांधी ने 73-74 अमेंडमेंट में हो चुका है यह केवल इवेंट मैनेजमेंट है। अभी सिर्फ चुनाव में महिलाओं के वोट मिल जाए किसी तरह की सरकार बन जाए इसलिए यह सब कर रहे हैं।

### बीजेपी के लोग रेप, मर्डर और लूट में लगे हुए

विधायक प्रीतम लोधी के बेटे ने कार से लोगों को कुचल दिया और कह रहा है कि उसका कुछ नहीं होगा उसका पिता विधायक है। यह दिखाता है कि बीजेपी के जो लोग हैं इन्हीं चीजों में लगे हुए हैं। मर्डर, रेप, लूट इसी चीज में लगे हुए हैं। कानून व्यवस्था ध्वस्त है कोई सुनने वाला नहीं है। इनके लोगों को लगता है कि हम बाहुबली हैं हमारा कोई कुछ नहीं कर सकता।

### सरकारी जमीन मंदिरों के नाम कर दो

मंदिरों का प्रबंध सही करना है तो जितनी सरकारी जमीन है उनका नाम मंदिरों के नाम कर दो। जब कमलनाथ की सरकार थी तब हम एक प्रस्ताव लेकर आए थे जो सरकार के पास रखा हुआ है। उसको नहीं कर रहे हैं दूसरी तरफ लोगों ने जितनी मंदिर की जमीन को कब्जे में कर रखा है उसे मंदिरों को वापस करो और अगर पढ़ाना है तो हर धर्म के प्रबंधन के कोर्स चलाओ।पहले मेडिकल कोर्स चलाया हिंदी में वह फेल हो गया। व्यापमं में लोगों को लूट लिया, जो कोर्स चल रहा है उनसे लोगों को नौकरी मिले रोजगार मिले तब इवेंट मैनेजमेंट करो।

### कांग्रेस शिक्षकों के साथ

भोपाल में शिक्षकों के आंदोलन पर कहा- यह सरकार खुद ने तैयारी कर ली है की परीक्षा लेंगे फेल करेंगे और जगह खाली होगी इसमें अपने लोगों को करेंगे यह इनका कांसेप्ट है हम शिक्षकों के साथ हैं।

# रेरा प्राधिकरण की जानकारी बिल्डरों के लिए मुसीबत बनी

## - आयकर विभाग ने रेरा से जानकारी लेकर दिए नोटिस

भोपाल। आयकर विभाग ने बिल्डरों और डेवलपरों को नोटिस जारी किया है। इनके द्वारा विभिन्न रियल एस्टेट प्रोजेक्ट के लिए प्रस्तुत किए गए अपने रिटर्न में प्रोजेक्ट की सही कीमत नहीं दी गई थी। विभाग के द्वारा रेरा प्राधिकरण से जानकारी हासिल कर यह नोटिस जारी किए गए हैं।

मंदी के दौर में इन कारोबारी बिल्डर और डेवलपर के सामने नई चुनौती आ गई है। हर बिल्डर, डेवलपर को अपना प्रोजेक्ट शुरू करने के पहले रेरा में रजिस्ट्रेशन करवाना पड़ता है। यह रजिस्ट्रेशन करवाते हुए संबंधित व्यक्ति को अपने प्रोजेक्ट की जमीन की वैल्यूएशन और डेवलपमेंट के बाद की स्थिति की वैल्यूएशन भी देना होती है। आयकर विभाग में बिल्डर डेवलपर द्वारा प्रस्तुत किए जाने वाले रिटर्न में इस वैल्यूएशन को कम बता दिए जाने का मामला सामने आया है। सीए सुमित नेमा ने बताया कि बड़ी संख्या में जो प्रोजेक्ट आकर लेते हैं, उसमें ज्वाइंट डेवलपमेंट एग्रीमेंट किया जाता है। यह एग्रीमेंट डेवलपर और भूस्वामी के बीच में किया जाता है। रेरा प्राधिकरण और रिटर्न में जमीन की कीमत को अलग-अलग बताए जाने के कारण वेरिएशन आ गया है। इस स्थिति को आयकर विभाग के द्वारा गंभीरता से ले लिया गया है। इस मामले में आयकर विभाग की ओर से बिल्डर और डेवलपरों के नाम पर नोटिस जारी कर उनसे जवाब मांगा गया है।

# 3 से 7 साल की सजा में अब 14 दिनी जांच के बाद दर्ज होगी एफआईआर

## - प्रदेशभर के पुलिस अफसरों को मुख्यालय ने भिजवाए दिशा-निर्देश, सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए फैसले के आधार पर सभी थाना प्रभारियों को प्रारम्भिक जांच करना पड़ेगी, शिकायतों में कमी भी आएगी

भोपाल । सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के तहत गिरफ्तारी के मामले को पूरी तरह से जवाबदेह और पारदर्शी बनाने के लिए इंदौर सहित प्रदेशभर के आला पुलिस अधिकारियों को मुख्यालय ने सख्त निर्देश जारी किए हैं, जिसमें मौखिक जानकारी देकर गिरफ्तारी नहीं हो सकेगी, बल्कि लिखित में स्पष्ट कारण बताना होगा। 3 से 7 साल की सजा में चूंकि जमानत के प्रावधान हैं, लिहाजा 14 दिन के भीतर जांच के बाद दर्ज होगी एफआईआर। 1 जुलाई 2024 से पुराने सीआरपीसी की जगह नए बीएनएसएस कानून प्रभावी हो गए हैं। उसमें भी भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के तहत जांच की प्रक्रिया निर्धारित की गई है।

धारा 173 (3) बीएनएसएस के मुताबिक प्रारम्भिक जांच को कानूनी मान्यता दी गई है, जबकि पुराने कानून में इसका कोई लिखित प्रावधान नहीं था, जिसके चलते पुलिस मनमाने तरीके से इसका इस्तेमाल करती थी। मगर अब पुलिस मुख्यालय ने इस धारा के साथ-साथ ललिता कुमारी जजमेंट, जो कुछ दिनों पूर्व सुप्रीम कोर्ट ने दिया, उसके आधार पर 3 से 7 साल की सजा वाले अपराध की पुलिस को शिकायत मिलती है तो संबंधित थाना प्रभारी सीधे एफआईआर दर्ज करने के बजाय प्रारम्भिक जांच करेंगे। और चूंकि नए कानून में ऐसी जांच 14 दिनों में पूरी करनी है, लिहाजा पुलिस मुख्यालय ने भी अपने सर्कुलर में इसी समयसीमा का सख्ती से पालन करने के निर्देश सभी पुलिस अधिकारियों को दिए हैं। नए कानून के तहत प्रारम्भिक जांच शुरू करने के लिए थाना प्रभारी को डीएसपी स्तर के अधिकारी की लिखित अनुमति लेना होगी और मुख्यालय ने इसे चेक एंड बैलेंस के रूप में दर्शाया है, ताकि कोई भी थाना प्रभारी मनमाने ढंग से जांच के नाम पर मामले को लटकाए न रखे। अब 14 दिन में जांच करना ही होगी, अन्यथा संबंधित थाना प्रभारी के खिलाफ भी कार्रवाई हो सकेगी। सुप्रीम कोर्ट ने 5 श्रेणियों, जिनमें पारिवारिक विवाद, भ्रष्टाचार, चिकित्सा लापरवाही, वाणिज्यिक अपराध और देरी से रिपोर्ट में उक्त प्रारम्भिक जांच की छूट दी थी और नए कानून में भी उसी दायरे को और विस्तारित किया गया है, जिसमें अपराध की प्रकृति पर नहीं, बल्कि सजा की अवधि 3 से 7 साल पर भी आधारित है। पुलिस महकमे का मानना है कि मध्यप्रदेश पुलिस भी भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता में जो नागरिक केन्द्रित दृष्टिकोण अपनाए हैं, जिसमें पारदर्शिता के साथ समयबद्धता है, उसके आधार पर कार्रवाई करेगी। इससे मनमाने तरीके से एफआईआर दर्ज करने या न करने की शिकायतों में कमी भी आएगी। इस तरह के मामलों में शिकायत मिलने पर उसकी प्रवृष्टि जनरल डायरी में की जाएगी, चाहे एफआईआर हो अथवा जांच। और अगर 14 दिन के बाद पुलिस केस को बंद करने का निर्णय लेती है तो इसकी सूचना और कारण भी शिकायतकर्ता को एक हफ्ते के भीतर देना होगी और अगर बिना किसी ठोस कारण के जांच 14 दिन से अधिक समय तक लम्बित पड़ी रहती है तो संबंधित थाना प्रभारी से लेकर उसके ऊपर के अधिकारी के खिलाफ भी विभागीय कार्रवाई की जा सकेगी। पुलिस मुख्यालय का मानना है कि इससे आम जनता पर त्वरित न्याय का प्रभाव तो पड़ेगा ही, वहीं थानों से यह कहा जाना कि अभी जांच चल रही है और महीनों तक चक्कर कटवाने की प्रवृत्ति भी रुकेगी और इस मामले में जो भ्रष्टाचार के आरोप लगते हैं उसमें भी कमी आएगी, क्योंकि ऐसा मानना है कि समयसीमा तय होने से किसी भी मामले को दबाने अथवा लेन-देन की गुंजाइश भी कम होगी।

# मोहन यादव ने दी मध्य प्रदेश के शिक्षकों को राहत

भोपाल। मध्य प्रदेश में शिक्षकों के लिए मुख्यमंत्री मोहन यादव ने बड़ा कदम उठाया है। राज्य सरकार ने टीईटी को लेकर सुप्रीम कोर्ट में पुनर्विचार याचिका दायर की है। इससे शिक्षकों का भविष्य सुरक्षित होगा। मोहन यादव का कहना है कि, सरकार शिक्षकों के हित के लिए हर आवश्यक कदम उठा रही है। किसी भी शिक्षक के साथ नाइंसाफी नहीं होगी। इधर संयुक्त मोर्चा ने सरकार के फैसले को गुमराह करने वाला बताया।

संयुक्त मोर्चा के उपेंद्र कौशल ने बताया कि, राज्य सरकार ने कोई पिटीशन नहीं लगाई है कोर्ट में, यह केवल गुमराह करने की कोशिश की जा रही है। यदि सरकार ने कोई पिटीशन लगाई है शिक्षकों के हित में तो मुख्यमंत्री और स्कूल शिक्षा मंत्री को सामने आकर यह बात बतानी चाहिए। अभी भी हम माननीय आयुक्त महोदय से मिलकर आए हैं, यदि सरकार की तरफ से कोई पिटीशन लगाई गई होती तो उसे पर जरूर चर्चा होती। हमारा प्रदर्शन कल की तारीख में यथावत रहेगा हम लोग बिल दशहरा मैदान में आंदोलन की तैयारी कर रहे हैं, मंच तैयार हो रहा है। इस आंदोलन में शामिल होने के लिए प्रदेश भर से शिक्षक भी निकल चुके हैं।

### मप्र टीईटी और वरिष्ठता बना सबसे बड़ा विवाद

मप्र में शिक्षकों और कर्मचारियों का असंतोष बढ़ता जा रहा है। टीईटी परीक्षा और वरिष्ठता जैसे अहम मुद्दों को लेकर शिक्षण संगठन और सरकार के साथ हुई वार्ता बेनतीजा रहने के बाद संयुक्त मोर्चा ने खुली चेतावनी दे दी है। 18 अप्रैल को भोपाल में मुख्यमंत्री अनुरोध यात्रा और धरना प्रदर्शन के जरिए हजारों शिक्षक अपनी एकजुटता दिखाएंगे। संगठन के पदाधिकारियों का कहना है कि यह आंदोलन अब सिर्फ मांगों का नहीं, बल्कि सम्मान और अधिकार की लड़ाई बनता जा रहा है।

बता दें कि अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा और शासन के बीच हुई बातचीत से कोई सकारात्मक नतीजा नहीं निकल सका। जबकि इसको लेकर स्कूल शिक्षा मंत्री और लोक शिक्षण विभाग के अधिकारियों के साथ दो चरणों में चर्चा हुई, लेकिन टीईटी परीक्षा आदेश निरस्त करने और नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता तय करने जैसी प्रमुख मांगों पर सरकार ने कोई स्पष्ट निर्णय नहीं लिया।

### टीईटी और वरिष्ठता बना सबसे बड़ा विवाद

सयुंक्त मोर्चा की ओर से 2 मार्च को जारी टीईटी परीक्षा आदेश को खत्म करने और सेवा अवधि की गणना पहली नियुक्ति से करने की मांग उठाई थी। हालांकि शासन ने केवल पुनर्विचार याचिका पर विचार करने और विधि विशेषज्ञों से सलाह लेने की बात कही थी, लेकिन समय-सीमा तय नहीं की गई। इससे शिक्षक वर्ग में नाराजगी और बढ़ गई है।

# शादी का कार्ड दिखाएं और 2 सिलिंडर घर ले जाएं

भोपाल। शादियों का सीजन शुरू होते ही लोगों को सिलिंडर उपलब्धता की चिंता शुरू हो गई है। गैस कंपनियों ने भोपाल जिले के ऐसे लोगों को राहत दी है। अब कंपनी वैवाहिक भोज के लिए दो व्यावसायिक सिलिंडर उपलब्ध कराएगी। इसके लिए एजेंसी को आवेदन के साथ विवाह का निमंत्रण पत्र देना होगा। कंपनी दो सिलिंडरों पर रिफिलिंग चार्ज के अलावा अमानत राशि भी जमा कराएगी। पिछले मंगलवार से शादियों का सीजन शुरू हो गया है। लोगों ने भोजन का जिम्मा कैटरिंग कारोबारियों को सौंपा है। अभी तक सिलिंडर नहीं उपलब्ध हो पाने से ये लोग डीजल भट्टी व इलेक्ट्रॉनिक तंदूर आदि की व्यवस्था कर रहे थे। इसी बीच इंडेन, भारत, एचपी गैस कंपनियों ने निर्णय लिया है कि वह शादी में भोजन बनाने के लिए लोगों को कुछ शर्तों के साथ दो व्यावसायिक सिलिंडर उपलब्ध करवाएगी।

**पद्मेश न्यूज़**
शहर | समाज | गांव

बालाघाट एक्सप्रेस

/padmeshmedia /padmeshmedia epaper.balaghatexpress.in E-mail: balaghatexpress@gmail.com



## न्यूज गैलरी

### कार की ठोकर से मोटरसाइकिल सवार पति-पत्नी सहित उनके दो बच्चे घायल

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** वारासिवनी रोड ग्राम डोंगरिया आरटीओ ऑफिस के पास एक कार मोटरसाइकिल को ठोस मार कर फरार हो गई। इस सड़क दुर्घटना में कार की ठोकर से मोटरसाइकिल में सवार एक व्यक्ति उसकी पत्नी और दो बच्चे घायल हो गए। बीती रात यह घटना उस समय हुई जब यह व्यक्ति अपनी पत्नी और दो बच्चों के साथ शादी के कार्यक्रम में शामिल होने के बाद अपने घर लौट रहा था। चारों घायल जिनमें कुलदीप बावीसताले 32 वर्ष ग्राम घोडंगाटोला (समनापुर) बालाघाट उनकी पत्नी शीला 27 वर्ष बेटा आरव 5 वर्ष और बेटी आराध्या 2 वर्ष का इलाज जिला अस्पताल बालाघाट में किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार कुलदीप खेती किसानी करते हैं।16 अप्रैल की शाम 6:00 बजे कुलदीप अपनी पत्नी शीला, बेटा आरव और बेटी आराध्या को मोटरसाइकिल में लेकर ग्राम मलंगटोला (वारासिवनी) शादी में शामिल होने के लिए गए थे और खाना खाने के बाद कुलदीप अपनी पत्नी और दोनों बच्चों को लेकर मोटरसाइकिल में मलंगटोला से अपने घर घोडंगाटोला लौट रहे थे। रात्रि 11:00 बजे करीब वारासिवनी से बालाघाट की ओर आते समय ग्राम डोंगरिया आरटीओ ऑफिस के पास पीछे से तेज रफ्तार से आ रही एक सफेद रंग की कार मोटरसाइकिल को ठोस मारकर फरार हो गई। इस हादसे में कार की कुलदीप उनकी पत्नी शीला और दोनों बच्चे मोटरसाइकिल सहित गिरने से घायल हो गए चारों घायल को प्राइवेट वाहन से जिला अस्पताल बालाघाट लाकर भर्ती किया गया।

# एंबुलेंस में ऑक्सीजन की कमी और लीकेज ने ली 25 वर्षीय सुजल की जान

पद्मेश न्यूज। वारासिवनी।

## परिजनों ने एंबुलेंस पर लगाया लापरवाही का गंभीर आरोप





**स्वास्थ्य सुविधाओं और आपातकालीन सेवाओं की बदहाली ने एक बार फिर एक हंसते खेलते परिवार का चिराग बुझा दिया। वारासिवनी क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत रामपायली निवासी २५ वर्षीय सुजल खरोले की शुक्रवार को उस समय मौत हो गई जब उन्हें बेहतर उपचार के लिए बालाघाट ले जाया जा रहा था। परिजनों का आरोप है कि एंबुलेंस में ऑक्सीजन खत्म होना और दूसरे सिलेंडर का लीकेज होना युवक की मौत का मुख्य कारण बना।**

### कॉलेज से लौटते ही बिगड़ी तबीयत

प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक सुजल २५ वर्ष पिता बलदेव खरोले सरदार पटेल कॉलेज का छात्र था। शुक्रवार १७ अप्रैल को वह हमेशा की तरह कॉलेज गया था। दोपहर करीब ३ बजे घर लौटने के बाद उसे अचानक तेज बुखार आया और स्वास्थ्य तेजी से बिगड़ने लगा। परिजन उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामपायली लेकर पहुंचे। वहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे जिला मुख्यालय बालाघाट रिफर कर दिया।

### प्राइवेट एंबुलेंस की बदहाली बनी काल

परिजनों ने बताया कि उस समय सरकारी संजीवनी १०८ एंबुलेंस उपलब्ध नहीं थी। युवक को सांस लेने में भारी तकलीफ हो रही थी जिसके कारण परिजनों ने आनन फानन में रामपायली के ही एक निजी डॉक्टर राय की प्राइवेट एंबुलेंस क्रमांक एमपी ५० डीए ०१९२ बुक की। आरोप है कि एंबुलेंस में रखे एक सिलेंडर में ऑक्सीजन पहले ही खत्म हो चुकी थी। जब दूसरा सिलेंडर लगाने की कोशिश की गई तो वह लीकेज निकला।

### रास्ते में ही थम गई सुजल की सांसें

परिजनों का आरोप है कि ऑक्सीजन की समुचित व्यवस्था नही होने के कारण सुजल की स्थिति रास्ते में और खराब हो गई। वारासिवनी के समीप पहुंचते पहुंचते युवक ने दम तोड़ दिया। एंबुलेंस चालक युवक को लेकर सिविल अस्पताल वारासिवनी पहुंचा जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। घटना की सूचना मिलते ही अस्पताल परिसर में चीख.पुकार मच गई और परिजनों का रो.रोकर बुरा हाल है।

### २५ मिनट तक बंद रही ऑक्सीजन बिलखती मां का बयान

मृतक की मां कौतिका खरोले ने रोते हुए अपनी आपबीती सुनाई उन्होंने बताया मेरा बेटा सुबह ९ बजे कॉलेज गया था और २ बजे घर लौटा। घर आते ही उसे तेज बुखार आया। हमने सोचा सामान्य बुखार है और उसे पेरासिटामोल दी लेकिन तबीयत और बिगड़ गई। डॉक्टर के पास ले जाने पर एंबुलेंस में ऑक्सीजन की सप्लाई करीब २५ मिनट तक बंद रही रास्ते में दोबारा ऑक्सीजन बंद हो गई। अगर समय पर सही सिलेंडर मिल जाता तो मेरा बेटा आज जिंदा होता।

### व्यवस्थाओं पर उठे सवाल

इस हृदयविदारक घटना ने क्षेत्र की आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं की पोल खोल दी है। एक तरफ सरकारी एंबुलेंस की अनुपलब्धता और दूसरी तरफ निजी एंबुलेंस संचालकों की भारी लापरवाही ने एक होनहार छात्र की जान ले ली। ग्रामीणों और परिजनों ने इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच और दोषी एंबुलेंस संचालक के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की मांग की है।

## डेकोरेशन की सामग्री लेकर जा रहा तेज रफ्तार ट्रक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराया, चालक गंभीर रूप से घायल

**पद्मेश न्यूज। लांजी।** लांजी सालेटेकरी मार्ग पर वार्ड क्रमांक 1 बकरामुण्डी में एक भीषण सडक हादसा 17 अप्रैल को सुबह 5 बजे सामने आया है जहां एक ट्रक पेड़ से टकरा गया जिसमें चालक की हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना के संबध में प्राप्त जानकारी के अनुसार महाराष्ट्र के चिडचाढबांध निवासी विजय कुमार मर्सकोले उम्र 25 वर्ष जो अपने मोटाडोर ट्रक में क्षेत्र के ग्राम नंदोरा में शादी विवाह निमित्त डेकोरेशन की सामग्री लेकर आया हुआ था। शादी समारोह होने के पश्चात सुबह अपने क्षेत्र डेकोरेशन का सामान लेकर वापस जा रहा था जैसे ही बकरामुण्डी के पास पंहुचा तो अज्ञात कारणो के चलते वाहन अनियंत्रित होकर रोड़ किनारे पेड़ से जा टकराया, वाहन की गति अधिक होने के चलते मेटाडोर वाहन पेड़ मे जा फंसा जिसमे चालक विजय मर्सकोले भी बुरी तरह से स्टेरिंग में फंस गया, सुबह 5 बजे हुये इस हादसे के वक्त वहां से गुजर रहे स्थानीय लोगो के द्वारा हादसा देखते ही रूक कर वाहन चालक की मदद करते हुये सर्वप्रथम एंबुलेंस एवं डायल 112 को सूचित किया गया, इसी बीच लांजी पुलिस भी घटना स्थल पर पंहुच गई जिन्होने ग्रामीणो की सहायता से चालक को बहार निकालने की कोशिश की लेकिन चालक बुरी तरह से फंस हुआ था, मौका स्थल पर दो जेसीबी वाहन को बुलाया गया जिनकी मदद लेकर पहले चालक विजय को बहार निकालकर तुरंत सिविल अस्पताल लांजी पंहुचाया गया जहां डाक्टर्स ने प्राथमिक उपचार कर चालक को गोंदिया रिफर किया गया बताया गया कि इस दुर्घटना में चालक का पैर टूट गया है तथा सर में भी गंभीर चोटे आई है।

### वाहन पेड़ से नही टकराता तो होता बडा हादसा

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, यदि ट्रक पेड़ से नहीं टकराता तो वह सीधे पुलिया से नीचे गिर सकता था, जिससे बड़ा हादसा हो सकता था। पेड़ ने ट्रक को रोककर चालक सहित अन्य लोगों की जान बचा ली। लेकिन टक्कर जबदस्त होने के चलते वाहन का अगला हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुका है। घटना को लेकर बताया जा रहा है रात भर जागरण होने के चलते चालक को नींद का झोंका आया होगा और इसी बीच यह हादसा घटित हो गया। पुलिस को इस घटना में चालक का रेस्क्यू करने मे करीब 1 घंटे का समय लगा जिन्हाने जेसीबी मशीन की सहायता से चालक को बहार निकालकर तत्काल अस्पताल ले जाकर उपचार करवाया गया। लांजी पुलिस ने मामला संज्ञान में लेकर जांच प्रारंभ की है।

## 3 थाना प्रभारी लाइन अटैच, प्रशासनिक फेरबदल के संकेत

### पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा ने अनौपचारिक चर्चा में दी जानकारी, कारण अब तक स्पष्ट नहीं

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** जिले में पुलिस विभाग के भीतर फेरबदल के संकेत मिल रहे हैं। पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा द्वारा कुछ थानों के थाना प्रभारियों को पुलिस लाइन अटैच किए जाने की जानकारी सामने आई है। हालांकि इस कार्रवाई के पीछे का स्पष्ट कारण अभी तक सामने नहीं आया है। 17 अप्रैल को स्थानीय पुलिस कंट्रोल रूम में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा ने अनौपचारिक चर्चा में संकेत दिए कि प्रशासनिक दृष्टि से कुछ थाना प्रभारियों को इधर से उधर किया गया है। उन्होंने इसे विभागीय व्यवस्था को बेहतर बनाने की प्रक्रिया का हिस्सा बताया, लेकिन किन कारणों से यह कार्रवाई की गई है, इस पर उन्होंने स्पष्ट रूप से कुछ नहीं कहा। सूत्रों के अनुसार कोतवाली थाना प्रभारी कामेश धूमकेती के साथ कोतवाली थाने के कुछ अन्य पुलिसकर्मियों को भी पुलिस लाइन अटैच किया गया है। वहीं ग्रामीण थाना प्रभारी अमित अग्रवाल के साथ वहां के कुछ स्टाफ को भी लाइन भेजे जाने की जानकारी मिल रही है। इसके अलावा रामपायली थाने के थाना प्रभारी को भी लाइन अटैच किए जाने की चर्चा है। हालांकि इस पूरे मामले में अब तक कोई आधिकारिक आदेश और विस्तृत कारण सार्वजनिक नहीं किया गया है। पुलिस अधीक्षक द्वारा केवल इतना ही कहा गया है कि यह कार्रवाई प्रशासनिक व्यवस्था को दुरुस्त करने के उद्देश्य से की जा रही है। फिलहाल इस घटनाक्रम को लेकर पुलिस विभाग में हलचल बनी हुई है और सभी की नजरें संभावित आगामी आदेशों पर टिकी हुई हैं।



## अज्ञात वाहन की ठोकर से मोटरसाइकिल सवार युवक की मौत

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** मलाजखंड थाना अंतर्गत मोहगांव रोड पर स्थित ग्राम पोनी में अज्ञात वाहन की ठोकर से मोटरसाइकिल सवार एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक दीपक पिता केसरसिंह मेरावी 21 वर्ष ग्राम बदनिया थाना बिरसा निवासी है। बीती रात यह सड़क दुर्घटना उस समय हुई, जब यह युवक मोटरसाइकिल में ग्राम तरेगांव शादी में जाने निकला था। मलाजखंड पुलिस ने इस युवक का शव पोस्टमार्टम करवा कर उसके परिजनों को सौंप दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम बदनिया निवासी केसर सिंह अपने परिवार के साथ खेती किसानी करते हैं। जिनके परिवार में दो लड़के हैं। बड़ा लड़का इन दिनों पढ़ाई कर रहा है। दीपक ने पढ़ाई छोड़ दी थी। 15 अप्रैल की रात्रि 8:00 बजे दीपक ने घर में खाना खाया और वह खाना खाने के बाद मोटरसाइकिल में ग्राम तरेगांव शादी में जाने घर से निकला था। इसी दौरान रात्रि 11:00 बजे करीब मलाजखंड से मोहगांव रोड पर स्थित ग्राम पोनी पेट्रोल पंप के पास कोई अज्ञात वाहन मोटरसाइकिल का ठोस मारकर फरार हो गया। इस दुर्घटना में दीपक गंभीर रूप से घायल और बेहोश होगा हो गया था। मौके पर लोगों की भीड़ लग गई थी। सूचना मिलते ही डायल 112 मौके पर पहुंची और गंभीर रूप से घायल दीपक को बिरसा के अस्पताल ले गए। किंतु डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर मृत घोषित कर दिए। दीपक की घटना स्थल से बिरसा अस्पताल लाते समय रास्ते में ही मौत हो चुकी थी। दीपक के पास मिले मोबाइल से डायल 112 के कर्मचारियों ने उसके परिवार वाले को सूचित किये खबर मिलते ही पिता केसर सिंह मरावी अपनी पत्नी बसंती मरावी के साथ बिरसा अस्पताल पहुंचे। जहां उनके बेटे दीपक की लाश पड़ी हुई थी। इस युवक को किस अज्ञात वाहन ने ठोस मारा अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। मलाजखंड पुलिस ने इस युवक का शव पोस्टमार्टम करवा कर उसके परिजनों को सौंप दिया है और इस मामले में मर्ग जांच उपरांत अज्ञात वाहन के चालक के विरुद्ध धारा 106(1) भारतीय न्याय संहिता और 184 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू की है।

AICTE भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त एवं RGPV & DTE भोपाल से सम्बध्द
सतपुड़ा कॉलेज ऑफ
इंजीनियरिंग एण्ड पॉलिटेक्निक
बी.टेक. पॉलिटेक्निक JOB SAHi
• कम्प्यूटर साइंस इंजीनियरिंग
• माईनिंग इंजीनियरिंग
• सिविल इंजीनियरिंग
• मैकेनिकल इंजीनियरिंग
• इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग
ADMISSION OPEN
नई शिक्षा नीति के तहत किसी भी ब्रांच से डिप्लोमा उत्तीर्ण छात्रों का Lateral Entry द्वारा बी.टेक. के द्वितीय वर्ष में सीधे प्रवेश
सतपुड़ा कैम्पस, लालबर्रा रोड, गर्रा-बालाघाट
6262604111, 9425836824 www.satpudaengineeringcollege.com

पैसा ठीक होने के बाद देना
शादी से पहले एवं शादी के बाद
उम्र की अधिकता से कमजोर सेक्स, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, लिंग का छोटापन, टेडापन, निःसंतान, शुक्राणुओं की कमी, शुगर से आयी कमजोरी आदि सभी सेक्स समस्याओं का शर्तिया ईलाज किया जाता है।
पता-जगजीवन आयुर्वेदिक दवाखाना
गुरूनानक पेट्रोल पंप के सामने समाजवाड़ी रोड, बालाघाट, मो. 9243880464




स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक उमेश बागरेचा द्वारा पद्मेश पब्लिकेशन, वार्ड नं.9, गुजरी चौक, बालाघाट (म.प्र.) से मुद्रित कराकर दैनिक बालाघाट एक्सप्रेस कार्यालय, काली पुतली चौक, बालाघाट(म.प्र.) से प्रकाशित,
**प्रधान संपादक : उमेश बागरेचा**, मो.नं. :9425138710, , ई-मेल- balaghatexpress@gmail.com पंजीयन क्रं. MPHIN/2009/32311, न्यायालयीन क्षेत्राधिकार बालाघाट